हरिभूमि
संस्कारधानी भूमि
रायपुर, बुधवार 25 फरवरी 2026



# चरित्र पर संदेह, पति ने दोस्तों के साथ मिलकर की पत्नी की हत्या, गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

पत्नी के चरित्र पर संदेह करते पति ने पत्थर से सिर कुचलकर हत्या कर दी थी। महिला का शव ग्राम भैंसरा स्थित बाबा आम बगीचा में मिलने पर पुलिस ने जांच पड़ताल करते आरोपी पति सहित उसके दो दोस्त को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है।

डोंगरगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत 22 फरवरी को पुलिस को सूचना मिली थी कि ग्राम भैंसरा बाबा आम बगीचा में नदी के पास एक महिला उम्र लगभग 35-40 वर्ष का शव पड़ा हुआ है। किसी अज्ञात आरोपी द्वारा पत्थर से सिर कुचलकर हत्या कर दी गई है। सूचना पर डोंगरगढ़ थाना में मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया था।

## नदी के पास मिला था महिला का शव, घटना के बाद से ही बंद था आरोपी पति का फोन

### पुलिस ने कई स्थानों पर दी दबिश

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कीर्तन राठौर ने पत्रकारवार्ता में बताया कि तकनीकी साक्ष्य एवं मुखबीर की सूचना के आराध पर आरोपियों की पतासाजी के संबध में पति सुनील नेताम के संबंध में जानकारी एवं पूछताछ किया गया, तब पता चला कि वह घर पर नहीं है। घटना के बाद से उसका मेबाइल बंद है। संदेह के आधार पर सुनील की पतासाजी किया गया तो पता चला कि मूलतः दल्लीराजहरा का रहने वाला है। पुलिस टीम ने संभावित कई स्थानों पर दबिश दी। आरोपी की उपस्थिति डोंगरगांव में होने की जानकारी मिलने पर उसे घेराबंदी कर पकड़ा गया। पूछताछ करने पर घटना करना स्वीकार किया। साथ में सहयोगी ज्योतिष नेताम भी था। घटना के बाद सुनील अपने खून लगे कपड़े को साक्ख्य छुपाने के लिए दोस्त नीलकंठ साहू को जलाने के लिए देने की बात कही।



### तीन आरोपियों पर कार्रवाई

21 फरवरी की शाम पत्नी को ग्राम भैंसरा स्थित बाबा आम बगीचा ले जाकर पत्थर से सिर पर प्राणघातक हमला कर हत्या कर दी। घटना के बाद आरोपी ने साक्षय छुपाने के उद्देश्य से खून से सने कपड़ों को नीलकंठ साहू को देकर नष्ट करा दिया। इस मामले में पुलिस ने आरोपी सुनील कुमार, ज्योतिष सिंह नेताम एवं नीलकंठ साहू को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है। पुलिस के अनुसार महिला के चरित्र पर संदेह करते हत्या की गई है।

इस मामले में पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कीर्तन राठौर, एसडीओपी नंदन नायक, उप पुलिस अधीक्षक साइबर सेल अलेक्जेंडर किरो द्वारा घटनास्थल पहुंचकर निरीक्षण किया गया। डोंगरगढ़ थाना प्रभारी निरीक्षक संतोष जायसवाल, साइबर सेल निरीक्षक विनय कुमार पम्मार के नेतृत्व में मामले की जांच हेतु पुलिस टीम गठित की गई। संयुक्त टीम द्वारा मृत महिला के संबंध में पतासाजी की गई। इस दौरान मृतिका की पहचान पूर्णिमा नेताम पति सुनील कुमार नेताम 35 वर्ष रविदास नगर मायका ग्राम चौथना के रूप में की गई थी। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार इस मामले में 48 घंटे के भीतर ही आरोपी पति एवं उसके साथी को गिरफ्तार कर लिया गया है।

## खबर संक्षेप

### अवैध रूप से शराब बिक्री, आरोपी गिरफ्तार



**राजनांदगांव।** घर में अवैध रूप से शराब रखकर बिक्री करने की सूचना पर पुलिस ने दबिश देकर आरोपी को पकड़ा। जिससे 32 पौवा शराब बरामद कर कार्रवाई की गई है। पुलिस सूत्रों के अनुसार जिला केसीजी पुलिस टीम द्वारा अवैध शराब के मामले में लगातार कार्रवाई अभियान छेड़ा गया है। पुलिस के अनुसार 24 फरवरी को मुखबीर से सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम भरदाकला निवासी कमल महिलकर अपने घर में अवैध रूप से अंग्रेजी शराब रखकर बिक्री कर रहा है। सूचना पर थाना खैरागढ़ की टीम द्वारा तत्काल मौके पर पहुंचकर घेराबंदी कर रेड कार्रवाई की गई। पुलिस के अनुसार मौके पर आरोपी कवल महिलकर 55 वर्ष निवासी ग्राम भरदाकला को अवैध शराब बिक्री करते रंगे हाथ पकड़ा गया। आरोपी के कब्जे से 32 पौवा "बाम्बे टू गोवा प्लेन" अंग्रेजी शराब कीमत 3,840 रुपए है, जब्त की गई। पुलिस ने धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया। आरोपी को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

## माय एंगल




## प्रदेश सरकार ने पेश किया अपना तीसरा बजट, राजनांदगांव सहित दोनों नए जिले के लिए कई घोषणाएं

# बनेगा इंडस्ट्रियल काम्प्लेक्स, खुलेगा फिजियोथेरेपी कॉलेज बायपास में फोरलेन के लिए खर्च होंगे साढ़े चार करोड़ रुपए

बजट विशेष

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

प्रदेश की साय सरकार ने मंगलवार को अपना तीसरा बजट पेश कर दिया है। इस बजट में राजनांदगांव जिले के लिए भी कई घोषणाएं की गई है। जिनमें जिले में फिजियोथेरेपी कॉलेज, इंडस्ट्रियल काम्प्लेक्स के साथ ही सड़कों के विस्तार के लिए करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। इसमें राजनांदगांव बायपास के 12 किमी में फोरलेन निर्माण के लिए 4.60 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे।

इसके अलावा राजनांदगांव के साथ ही एमएमसी एवं केसीजी जिले के लिए भी कई घोषणाएं इस बजट में की गई है। तीनों ही जिलो में सड़क एवं पुल- पुलिस निर्माण पर अधिक फोकस किया गया है।

### दोनों नए जिले में भी सड़क, पुल-पुलिया सहित कई सौगातें



**राजनांदगांव।** जिला भाजपा कार्यालय में भाजपा कार्यकर्ताओं ने बजट का सीधा प्रसारण देखा।

**केसीजी जिला:** केसीजी जिले में गंडई-लिमो-दुल्लापुर मार्ग में करा नाला और गंडई से कृतबांस मार्ग पर सुरही नदी में उच्च स्तरीय पुल एवं पहुंच मार्ग के लिए 20-20 लाख रुपए। मुढ़ीपार स्थित शासकीय महाविद्यालय में नवीन भवन के लिए 1 करोड़, छुईखदान के उदयपुर एवं झूरानदी स्थित हायर सेकेंडरी स्कूल भवन निर्माण के लिए 121 लाख, जिला जेल की मुख्य दीवार की उंचाई बढ़ाने 15 लाख, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कार्यालय सह तहसील कम्पोजिट बिल्डिंग के लिए 80 लाख रुपए का प्रावधान बजट में किया गया है।

**एमएमसी जिला** : एमएमसी जिले में हायर सेंकेंडरी स्कूल भवन निर्माण के लिए कौड़ीकसा एवं भड़सेना स्कूल के लिए 1.21 करोड़ की स्वीकृति दी गई है। इसी तरह हाई स्कूल भवन निर्माण के लिए मोहला के मोतीपुर एवं मुकादाह स्कूल के लिए 75 लाख रुपए का प्रावधान किया गया है। इसी तरह उप संचालक कृषि कार्यालय, नवीन पशु रोग अन्वेषण प्रयोगशाला, जिले के औंधी ब्लॉक मानपुर में विश्राम गृह निर्माण के लिए 12 लाख, मोहला में लोक निर्माण विभाग नवीन उपसंभागीय कार्यालय भवन के लिए 20 लाख रुपए एवं गोटाटोला मोहला वासड़ी मार्ग के लिए 1 करोड़ रुपए दिए गए है।

**शहर में सड़क निर्माण के लिए भी कई सौगातें:** जीई रोड़ से लखोली कबाड़ी दुकान तक चौड़ीकरण के लिए 1.50 करोड़ खर्च किए जाएंगे। इसी तरह आरके नगर से डोंगरगांव रोड़ तक सड़क निर्माण के लिए 71 लाख, बायपास कन्हारपुरी से तिरंगा चौक तक सड़क चौड़ीकरण के लिए 65 लाख, गठुला से खैरागढ़ मुख्य मार्ग से ढाबा पहुंच मार्ग लंबाई 2 किमी के लिए 24 लाख का प्रावधान इस बजट में किया गया है। इसके अलावा राजनांदगांव शहरी क्षेत्र में 15 किमी सड़क निर्माण के लिए एक करोड़ रुपए की राशि का प्रावधान किया गया है। राजनांदगांव शहरी क्षेत्र में 15 किमी सड़क के निर्माण के लिए 1 करोड़, मठपारा से बायपास पहुंच मार्ग लंबाई 2.40 किमी के निर्माण पुल-पुलिया एवं भू-अर्जन एवं मेडिकल कॉलेज से मोतीपुर-सुकुलदैहान मार्ग पहुंच लंबाई 3.60 किमी के निर्माण, पुल-पुलिया एवं भू-अर्जन के लिए 48 लाख रुपए का प्रावधान किया गया है। राजनांदगांव के एनएच-53 अंबेडकर चौक से नवागांव तक 4 किमी सड़क चौड़ीकरण एवं भू-अर्जन के लिए 20 लाख, आरके नगर से कमला कॉलेज डोंगरगांव पहुंच मार्ग के चौड़ीकरण कार्य एवं भू-अर्जन के लिए 8 लाख, रेलवे क्रॉसिंग गौरीनगर से शासकीय मुद्रणालय राज्य मार्ग क्रमांक 5 खैरागढ़ मार्ग तक 2 किमी लंबाई निर्माण एवं भू-अर्जन के लिए 8 लाख रुपए का प्रावधान किया गया है।

### यह घोषणाएं प्रदेश सरकार के बजट में शामिल


- राजनांदगांव जिले के ग्राम कोठीटोला से नवागांव मार्ग पर टाटेकसा नाला एवं भंडारपुर से भोथली मार्ग पर पेटेश्री नदी में उच्च स्तरीय पुल एवं पहुंच मार्ग के लिए 30 लाख
- रेंगाठकेरा से आलीवारा मार्ग पर पेटेश्री नदी, बांकल से शिवनीखुर्द पहुंच मार्ग में बांकल नाला पर एवं टाटेकसा-कनेरी मार्ग पर टाटेकसा नाला पर उच्च स्तरीय पुल एवं पहुंच मार्ग के लिए 60 लाख रुपए
- राजनांदगांव जिले के आरबीरा से रेंगाकठेरा के मध्य पेटेश्री नदी पर पुल-पुलिया निर्माण, टाटेकसा से कनेरी के मध्य नदी पर पुल-पुलिया एवं भंडारपुर से भोथली मार्ग में पेटेश्री नदी में वृहद पुल निर्माण के लिए 24 लाख रुपए
- राजनांदगांव जिले के कलेवा-भटगांव मार्ग पर नाला पर उच्च स्तरीय पुल एवं केसीजी जिले के ग्राम चिचका-कुरूभाठ में नाला निर्माण के लिए 32 लाख
- राजनांदगांव जिले के चिखली-पदुमतरा मार्ग में पुल निर्माण के लिए 16 लाख, राजनांदगांव जिले में मॉर्डन तहसील कार्यालय भवन के निर्माण, जिला कार्यालय में मीटिंग हॉल एवं वीडियो कांफ्रेंसिंग रूम निर्माण के लिए 50 लाख
- नगर निगम क्षेत्र में सड़कों के चौड़ीकरण, उन्नयन एवं सौंदर्यीकरण के लिए 1 करोड़ रुपए
- राजनांदगांव-कवर्धा-पोंडी मार्ग पर 2.20 किमी के चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण कार्य भू-अर्जन के लिए 17 लाख का प्रावधान किया गया
- राजनांदगांव के रामाटोला से मेढ़ा तक 7.65 किमी लंबाई मार्ग एवं पुल-पुलिया निर्माण के लिए 64 लाख, राजनांदगांव के कोपेडीह-आरगाव-बोदेला मार्ग 5 किमी लंबाई निर्माण पुल-पुलिया के लिए 62 लाख रुपए का प्रावधान
- राजनांदगांव से डोंगरगांव-कोहका-सांकरदाहरा मार्ग लंबाई 6.20 किमी चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण व पुल-पुलिया एवं बॉकल रेलवे स्टेशन पहुंच मार्ग लंबाई 1.50 किमी एवं जिले के आसरा-बम्हनीभांठा-जंतर तक 3.70 किमी सड़क निमार्ण व पुल-पुलिया के लिए 24 लाख रुपए का प्रावधान
- जिले के हरनसिंघी से धुसेरा सड़क निर्माण के लिए 20 लाख रुपए
- जिले के सिंघोला से खुर्सीपार मार्ग पर लंबाई 6 किमी के लिए 72 लाख
- डोंगरगांव विस में घोटिया से बरनाराखुर्द तक 5 किमी लंबाई के लिए 40 लाख रुपए
- ग्राम बरगाही से ढाबा मार्ग मुक्तिधाम लंबाई 2.5 किमी के लिए 22 लाख, डिलापहरी से रेंगाकठेरा से धर्मापुर पहुंच मार्ग लंबाई 2 किमी के लिए 20 लाख, डोंगरगांव से तुमड़ीबोड़ लंबाई 5.60 किमी निर्माण एवं चौड़ीकरण के लिए 20 लाख रुपए का प्रावधान किया गया है।

# बाऊंड्रीवाल से टकराई बाइक, दो युवकों की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

दुर्घटनाओं पर विराम नहीं लग पा रहा है। बीती रात तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर घर के बाऊंड्रीवाल से जा टकराई। जिससे ना सिर्फ बाइक बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई, बल्कि इसमें सवार दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना पर डोंगरगढ़ पुलिस मामले की जांच कर रही है। इस दुखद घटना से क्षेत्र में शोक की लहर व्याप्त हो गई है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार डोंगरगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत बीती रात दुर्घटना में बाइक सवार दो युवकों की मौत हो गई। बताया गया कि डोंगरगढ़ के कालकापारा वार्ड क्रमांक 10 निवासी तुषार डोंगरे 26 वर्ष एवं सूरज विश्वकर्मा 24 वर्ष बाइक में सवार होकर 23 फरवरी की देर शाम घूमने निकले हुए थे।



### क्षेत्र में शोक की लहर

बताया गया कि घटना की सूचना डोंगरगढ़ पुलिस को मिलने पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और दोनों युवकों को चिकित्सालय भिजवाया। पुलिस इस मामले में जांच पड़ताल कर रही है। इधर इस घटना की खबर जैसे ही डोंगरगढ़ के कालकापारा क्षेत्र के लोगों को मिली, क्षेत्र में शोक की लहर व्याप्त हो गई है। जिले में लगातार बढ़ रही दुर्घटनाओं पर विराम नहीं लग पा रहा है। एक दुर्घटना को लोग भूल नहीं पाते कि दूसरी घटना की खबर आ जाती है। लगातार बढ़ रही सड़क दुर्घटनाओं को प्रमुख कारण तेज रफ्तार को माना जा रहा है।

### अनियंत्रित बाइक दीवार से टकराई

पुलिस के अनुसार दोनों बाइक सवार रात के समय घूमते हुए ग्राम राका पहुंचे हुए थे। इसी दौरान उनकी बाइक अनियंत्रित होकर गांव के एक घर के बाऊंड्रीवाल से जोरदार जा टकराई। दुर्घटना इतनी जबर्दस्त थी कि बाइक बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया था। वहीं बाइक में सवार उक्त दोनों युवकों को गंभीर चोंटे आई थी। पुलिस के अनुसार मौके पर तुषार एवं सूरज की मौत हो गई। इधर इस घटना से गांव में भी सनसनी फैल गई थी।




## अंचल में चढ़ेगा रात और दिन का तापमान, बढ़ेगी गर्मी

# कमजोर पड़ा सिस्टम, आज से सुधरेगा मौसम

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

पिछले 48 घंटों से बंगाल की खाड़ी में बने सिस्टम की वजह से बदले मौसम में आज से सुधार के आसार है। मौसम विभाग के अनुसार बंगाल की खाड़ी में बना बारिश का सिस्टम अब कमजोर पड़ रहा है। जिसकी वजह से अंचल में अब बेमौसम बारिश देखने को नहीं मिलेगी। वहीं दिन और रात के तापमान में अब वृद्धि देखने को मिल सकती है। इधर दो दिनों से बिगड़े मौसम की मार फसलों पर देखने को मिली है। किसान जहां अपनी फसल बचाने जद्दोजेहद करते दिखे। वहीं उपार्जन केंद्रों में डंप धान को सुरक्षित रखना भी समिति प्रबंधकों के लिए चुनौतीपूर्ण रहा।

इधर मौसम विभाग के अनुसार एक कम दबाव का क्षेत्र दक्षिण पूर्व बंगाल की खाड़ी के ऊपर स्थित है तथा इसके साथ ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवर्ती परिसंचरण 3.1 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। इसके लगातार पूर्व की ओर आगे बढ़ते हुए अगले 24 घंटे में और अधिक कमजोर होने की संभावना है। एक ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण गंगेटिक पश्चिम बंगाल और उससे लगे उत्तर तटीय उड़ीसा के ऊपर 1.5 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। एक द्रोणिका दक्षिण अंदरूनी कर्नाटक से मराठवाड़ा तक 0.9 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। वायुमंडल के निम्न स्तर पर प्रदेश के उत्तर से पूर्वी हवा और दक्षिण से दक्षिणी हवा के प्रभाव से एक वायु संगमन क्षेत्र बना हुआ है। साथ ही उपरोक्त मौसमी तंत्र के प्रभाव से काफी मात्रा में नमी आ रही है। जिसके कारण प्रदेश में अगले दो दिनों तक एक-दो स्थानों पर हल्की वर्षा होने अथवा गरज-चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है।

### अंचल में दूसरे दिन भी बारिश

जहां बंगाल की खाड़ी में बने सिस्टम की वजह से सोमवार



को जिले में बारिश देखने को मिली थी। वहीं दूसरे दिन मंगलवार को भी कुछ ग्रामीण इलाकों में बरसात देखने को मिली।

बेमौसम बारिश होने से किसानों को काफी दिक्कतें देखने को मिली। खासकर आम, पपीता सहित अन्य फल एवं सब्जी की फसल लेने वाले किसानों को नुकसान हुआ है।

### अब साफ होगा मौसम

अंचल में अब मौसम साफ होने की संभावना जताई गई है। हालांकि प्रदेश में एक-दो स्थानों पर गरज-चमक के साथ वज्रपात होने तथा सरगुजा संभाग और उससे लगे बिलासपुर संभाग के जिलों में एक-दो स्थानों पर ओलावृष्टि होने की संभावना है। प्रदेश में अधिकतम और न्यूनतम तापमान में कोई खास परिवर्तन होने की संभावना नहीं है, किंतु उत्तर छत्तीसगढ़ में न्यूनतम तापमान में गिरावट का दौर प्रारंभ हो सकता है।

### अब भी 40 फीसदी धान डंप

ज्ञात हो कि इस बार खरीफ सीजन में राजनांदगांव जिले में 124100 किसानों से 6254837 क्विंटल धान की सरकारी खरीदी की गई है। इसमें से अब तक 37 लाख क्विंटल धान का उठाव कर लिया गया है। वहीं 25 लाख क्विंटल धान का उठाव अब भी शेष है। ऐसे में दो दिनों की बेमौसम बारिश में 96 केंद्रों में डंप इस धान को सुरक्षित रखना चुनौतीपूर्ण साबित हुआ।

## खबर संक्षेप

### चलित थाना लगाकर जनता से संवाद




**खुज्जी।** लोगों में कानूनी जागरूकता लाने, साईबर अपराधों की रोकथाम के लिए गत दिनों डोंगरगांव पुलिस ने ग्राम आयबांधा एवं लालूटोला में चलित थाना संवाद का आयोजन किया। इस मौके पर लोगों को साइबर अपराध, महिला सुरक्षा, नशा मुक्ति, यातायात नियमों के पालन एवं विभिन्न अपराधों से बचने जागरूक किया गया। इस मौके पर सहायक उप निरीक्षक देवकुमार रावते, कांस्टेबल ओमकार कुर्रे, दीपक भोई मौजूद थे।

### स्पर्धा में भजनों की प्रस्तुति

**डोंगरगढ़।** एकल अभियान संस्था के माध्यम से श्री हरि सत्संग मंडली ने भजन प्रतियोगिता का आयोजन सोमवार को किया। मंदिर प्रांगण में आयोजित प्रतियोगिता में अनेक मंडलियों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम की शुरूआत विधिवत पूजा अर्चना के साथ की गई। मुख्य अतिथि शहर भाजपा अध्यक्ष जस्मित सिंग बन्नोआना थे। इस दौरान पालिकाध्यक्ष रमन डोंगरे, लक्ष्मीनारायाण अग्रवला, बम्लेष्वरी ट्रस्ट के अध्यक्ष मनोज अग्रवाल, सुनील जैन, विश्वनाथ यादव, विनित यादव, हरिश मोटघरे, विनय बंसल, विवेक गुप्ता, अमन नामदेव ने उपस्थिति दर्ज कराई। स्पर्धा में संचकुपदुर प्रथम, साल्हेवारा द्वितीय, पैलीमेटा ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। अन्य मंडलियों को सात्वना पुरूस्कार दिया गया। कार्यक्रम में बिरेन्द्र अग्रवाल, मनोज गुप्ता, उमेश हत्थेल, अचलासिंग, वैशाली देशकर, अनिता मंडावी, अमृत टांक, गेश्वर निषाद, जगतराम यादव, देवेन्द्र कचलामे, मेशाराम साहू, गिरधारी साहू, प्रेमा ठाकुर, हनि गुप्ता सहित अन्य मौजूद थे।

### जन्मदिन पर न्योता भोज का आयोजन

**छुईखदान।** संकुल केंद्र भदेरा अंतर्गत पूर्व माध्यमिक शाला एवं प्राथमिक शाला भदेरा के शिक्षक लोचनराम जंघेल ने अपने जन्मदिन के अवसर पर न्योता भोज का आयोजन किया। उन्होंने बच्चों, शिक्षक आदि के साथ केक काटकर जन्मदिन मनाया। स अवसर पर शिक्षिका संतोषी वर्मा ने पदोन्नत होकर प्रधानपाठक के रूप में कार्यभार ग्रहण किया। तत्पश्चात बच्चों को चांवल, दाल, सब्ज़ी, सलाद, पापड़, खीर, पुड़ी, पेड़ा, केला, मिठाई आदि खिलाया गया। इस दौरान राजूदास मानिकपुरी, पन्नालाल जंघेल, चेतराम वर्मा, संजीवकुमार ध्रुव, चिंताराम धुर्वे, रामकेश्वर शांडिल्य और दीपक राठौर आदि शिक्षक उपस्थित थे।



### लखोली वार्ड से निकाली शोभायात्रा

**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के मीडिया पैनलिस्ट अभिमन्यु उदय मिश्रा एवं शहर उत्तर ब्लॉक युवा कांग्रेस अध्यक्ष संदीप सोनी लखोली वार्ड से आयोजित आदेश जयश्री महाकाल युवा समिति द्वारा आयोजित भगवान भोलेनाथ की भव्य शोभायात्रा में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। यह शोभायात्रा लखोली वार्ड से श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ निकाली गई। जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं, युवाओं एवं महिलाओं की सहभागिता रही। समिति के संरक्षक राहुल मरकाम सहित दादू यादव, कृष्णा सिन्हा, निमेष देशलहरे, लक्ष्य, सागर सिन्हा, अर्जुन यादव, लोकेश निर्मलकर, तुषार साहू, शुभम साहू, विकास यादव, अतुल साहू, कारण साहू, मनीष साहू, बंटी साहू, पुष्कर रजक एवं अन्य युवाओं ने अतिथियों का आत्मीय स्वागत किया। तत्पश्चात अभिमन्यु उदय मिश्रा एवं संदीप सोनी ने भगवान शिव की आरती कर प्रदेश एवं शहर की सुख-समृद्धि, शांति और विकास की कामना की।



## निधन



### बाबू

**डोंगरगढ़।** कालकापारा निवासी बाबू का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार छिरपानी मुक्तिधाम में किया गया। उनके निधन पर परिजनों आदि ने शोक संवेदना व्यक्त किया है।

### अंश डोंगरे



**डोंगरगढ़।** कालकापारा निवासी अंश डोंगरे का आकस्मिक निधन हो गया। उनकी अंतिम संस्कार छिरपानी मुक्तिधाम में किया गया। उनके निधन पर परिजनों सहित समाजिकजनों ने शोक व्यक्त किया है।

## पीएमश्री स्कूलों में गुणवत्तापूर्ण व्यवस्था के लिए निरंतर करें निरीक्षण

# जिला चिकित्सालय में मरीजों का करें गुणवत्तापूर्ण उपचार:कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने मंगलवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष में साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक ली। कलेक्टर ने कहा कि जिला अस्पताल में मरीजों को अच्छी स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराएं और उन्हें अनावश्यक रिफर नहीं करें। जिला चिकित्सालय तथा शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय की यह समन्वित जिम्मेदारी है कि मरीजों का गुणवत्तापूर्ण उपचार करें तथा कम से कम रिफर करें। उन्होंने जिला चिकित्सालय में संस्थागत प्रसव तथा हास्पिटल की आवश्यकताओं के संबंध में जानकारी ली।

कलेक्टर ने कहा कि जिले के उप स्वास्थ्य केन्द्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र तथा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के मरीज जिला चिकित्सालय रिफर होकर पहुंचते है। ऐसे में जिला चिकित्सालय की जिम्मेदारी और महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि राजस्व विभाग में तहसीलदारों व नायब तहसीलदारों का स्थानांतरण किया गया है, ताकि कार्य सुचारू तौर पर चलता रहे। कलेक्टर ने कहा कि 0 से 5 तथा 5 से 15 आयु वर्ग के बच्चों का आधार अपडेट प्राथमिकता से कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी शासकीय एवं निजी स्कूलों तथा आंगनबाड़ी केन्द्र में आधार अपडेट कराने का कार्य होना चाहिए। प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी अंतर्गत निर्माण कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए।




### बायोमेट्रिक उपस्थिति सभी कार्यालयों में सुनिश्चित करें

जिला पंचायत सीईओ सुरूचि सिंह ने कहा कि बायोमैट्रिक उपस्थिति सभी शासकीय कार्यालयों में शुरू करें। ग्राम पंचायतों में भी बायोमैट्रिक उपस्थिति के लिए सचिवों को पंजीयन कराने कहा। बैठक में वनमंडलाधिकारी आयुष जैन, अपर कलेक्टर सीएल मारकण्डेय, अपर कलेक्टर प्रेमप्रकाश शर्मा, नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा, एसडीएम डोंगरगढ़ एम. भार्गव, एसडीएम डोंगरगांव श्रीकांत कोराम, एसडीएम गौतम पाटिल सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

### धान उठाव में गति लाएं

कलेक्टर श्री यादव ने कहा कि अटल मानिटरिंग पोर्टल के सभी निर्धारित मापदण्डों पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करें। स्वास्थ्य, शिक्षा, अधोसंरचना सहित शासन की अन्य योजनाओं के क्रियान्वयन के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि धान के उठाव के कार्य में गति लाएं तथा टीओ काटने के कार्य में तेजी लाने कहा। उन्होंने कहा कि किसानों के लिए खाद एवं बीज की पर्याप्त उपलब्धता होनी चाहिए। सभी को समय पर कार्यालय में उपस्थित रहने कहा। सभी अधिकारी मंगलवार एवं बुधवार को मुख्यालय में रहना सुनिश्चित करें। उन्होंने ई-ऑफिस के क्रियान्वयन के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि पीएमश्री स्कूलों में गुणवत्तापूर्ण व्यवस्था के लिए निरंतर निरीक्षण करें तथा निर्माणाधीन कार्यों को समय पर पूर्ण कराएं।उन्होंने कहा कि 1 अप्रैल से 9वीं, 10वीं, 11वीं, 12वीं का पाठ्यक्रम बनाकर बच्चों की पढ़ाई जारी रखें।

### पेयजल की समस्या वाले क्षेत्रों को करें चिन्हांकित

उन्होंने कहा कि शासन के नये आदेश के तहत नगर पालिक निगम राजनांदगांव क्षेत्र अंतर्गत किसी भी प्रकार की आबादी सुरक्षित भूमि पर काबिज होने का साक्ष्य होने पर प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी से लाभान्वित करने का प्रावधान किया गया है। इस योजना के तहत पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित करने कहा। कलेक्टर ने कहा कि ग्रीष्म ऋतु को ध्यान में रखते ऐसे स्थानों का चिन्हांकन करें, जहां पेयजल की समस्या होती थी। उन्होंने शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में जनसामान्य को पेयजल की समस्या नहीं हो इसके लिए समाधान करने के निर्देश दिए। सभी जनमद सीईओ एवं सीएमओ से पेयजल की व्यवस्था के संबंध में जानकारी ली तथा निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने सीएम जनदर्शन, पीजी पोर्टल, कलेक्टर जनदर्शन एवं साप्ताहिक समय-सीमा के लंबित प्रकरणों की गहन समीक्षा की।

## भव्य संघदान का कार्यक्रम आयोजित



**राजनांदगांव।** विश्व बौद्ध संघ महाबोधी चेरिटेबल ट्रस्ट डॉ. अम्बेडकर इंटरनेशनल बोधिष्ट संसद एवं सभी सामाजिक धार्मिक, शैक्षणिक, सांस्कृतिक संघटन द्वारा प्रायोजित महाबोधी महाबिहार मुक्ति अंतर्राष्ट्रीय परिसर एवं पांच हजार भिक्षु संघ को भव्य संघदान का कार्यक्रम महाबोधी महाबिहार बौद्धगया में 22 फरवरी को आयोजित किया गया।

विश्व बौद्ध संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष भदंत हर्ष बोधी महास्थवीर की अध्यक्षता में महाबोधी प्रांगण में आयोजित किया गया । कार्यक्रम में संस्था के संस्थापक डॉ. आरएल कानडे एवं राष्ट्रीय महासचिव विजय पाटिल बौद्ध भोपाल एवं संस्था के राष्ट्रीय प्रधान महासचिव गौतम कानडे बौद्ध शामिल हुए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रामदास अठावले केन्द्रीय समाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री भारत शासन नई दिल्ली ने विश्व धरोवर महाबोधी बिहार (मंदिर) में पूजा-अर्चना के बाद अपने विचार रखे। उक्त जानकारी विश्व बौद्ध संघ के राष्ट्रीय प्रधान महासचिव एवं प्रदेश अध्यक्ष छग गौतम कानडे बौद्ध ने दी।

## किसान न्याय जनसभा : किसानों के अधिकारों की रक्षा को लेकर उठी आवाज




**राजनांदगांव।** जिले में आयोजित किसान न्याय जनसभा में प्रदेश और जिला स्तर के पदाधिकारियों की उपस्थिति में किसानों की समस्याओं, अधिकारों और न्याय की मांग को लेकर जोरदार आवाज उठाई गई। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में किसान और कार्यकर्ता मौजूद थे। सभा को संबोधित करते प्रदेश कार्यकारिणी अध्यक्ष देवलाल नरेठी ने कहा कि किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य, समय पर भुगतान और सरकारी योजनाओं का पूरा लाभ मिलना चाहिए। उन्होंने संगठन की मजबूती पर जोर देते कहा कि किसानों के हितों की रक्षा के लिए संगठन निरंतर संघर्ष करेगा। लोकसभा अध्यक्ष भूपेश तिवारी ने किसानों की आर्थिक स्थिति, फसल बीमा, समर्थन मूल्य और सिंचाई व्यवस्था जैसे अहम मुद्दों को प्रमुखता से उठाया। प्रदेश सचिव चंद्रमणि वर्मा ने महिला किसानों की भागीदारी और उनके सशक्तिकरण पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता पर जोर दिया। सभा में लोकसभा उपाध्यक्ष अशोक चौबे, राजनांदगांव जिला अध्यक्ष राजेंद्र सोनी, वरिष्ठ पूर्व किसान अध्यक्ष रमेश यादव, राजीव यादव, रंभा रामटेक सहित अन्य नेताओं ने अपने विचार रखे और संगठन को जमीनी स्तर पर और सशक्त बनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के अंत में किसानों ने एकजुट होकर किसानों के हित में संघर्ष जारी रखने का संकल्प लिया और संगठन की शक्ति को और बढ़ाने का संकल्प किया।

## बेमौसम बारिश से फसलों को नुकसान

हरिभूमि न्यूज ⏭ सड़क अतरिया

अंचल में भी बंगाल की खाड़ी में आए परिवर्तन का असर देखने को मिल रहा है। वनांचल सहित मैदानी इलाके में गरज के साथ बारिश होने से रबी फसल एवं सब्जियों पर खतरा मंडराने लगा है। बीते दो दिन से घने बादल छाए थे। मंगलवार को गरज के साथ झमाझम बारिश हुई। बारिश से गेंहू की फसल प्रभावित होने की आशंका कम है परन्तु चना, मसुर, अरहर, मुंग, सोयाबीन की फसल के प्रभावित होने की आशंका है। वही कीट एवं इल्लियों का प्रकोप बढ़ने की आशंका है। गौरतलब है कि अब तक दलहन तिलहन की फसल काफी बेहतर स्थिति में थी। सोमवार से मौसम में परिवर्तन तथा मंगलवार की बारिश ने किसानों की चिंता बढ़ा दिया है। इधर आम में भी फल लगना शुरू हो गया था। आंधी और बारिश से इस फसल को भी नुकसान पहुंचा है।



### मौसम में आई ठंडकता

बीते सप्ताह से तापमान बढ़ने से लोगों को गर्मी का एहसास होने लगा था परन्तु सोमवार से बादल छाने तथा ठंडी हवाओं से तापमान गिर गया। बारिश के बाद लोग फिर ठंड का अनुभव करने लगे हैं।

### उपार्जन केन्द्रों में भीगा धान

बारिश होने से धान उपार्जन केन्द्रों में धान के भीगने की खबर है। धान खरीदी के पश्चात भी धान परिवहन धीमी गति से चल रहा है जिसके कारण उपार्जन केन्द्रों में धान का एक बड़ा स्टाक रखा है। केन्द्रों ने उपलब्ध त्रिपाल से धान के ढ़ेर को ढंका गया था किन्तु त्रिपाल के सीमित होने के कारण धान का एक बड़ा हिस्सा भीग जाने की जानकारी है।

## जागरूकता से हिन्दू धर्म में वापसी

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

डुडेरा के लोकेश साहू पिता संतु राम साहू ने आठ साल पहले हिन्दू धर्म छोड़ कर ईसाई धर्म अपना लिया था। ग्रामीण साहू समाज को जानकारी प्राप्त हुई तब लोकेश साहू मानने को तैयार नही हुआ। साहू समाज के पदाधिकारियों की सक्रियता से तहसील एवं परिक्षेत्रीय साहू समाज के पदाधिकारियों ने लोकेश साहू को हिन्दू धर्म और साहू समाज के बारे में विस्तार से समझाया। जिसे लोकेश साहू ने समझकर हिन्दू धर्म में वापसी पर अपनी सहमति दी। इस वापसी में तहसील साहू संघ लाल बहादुर नगर के अध्यक्ष गिरवर साहू, जिला साहू संघ के कोषाध्यक्ष नोबल साहू, कमलेश साहू, रामाधीन साहू, उमा साहू, मनोज साहू, अश्वनी साहू, पवन साहू, जगदीश साहू, मुकेश साहू, गायत्री साहू, संतोष साहू, सुखदेव साहू, लीलाराम साहू, लेखराम साहू, समारु साहू, प्रकाश साहू, दौलत साहू, विष्णु साहू, भैरव साहू, सलेखा साहू, भीखूराम साहू, सेवाराम साहू, मूलचंद साहू, अग्निवेश साहू, प्रीतम साहू आदि की मुख्य भूमिका रही।



## दूसरे ब्रांड की शराब खपाने का आरोप

**डोंगरगढ़।** शासकीय शराब दुकाने ग्राहकों की पसंद वाली शराब उपलब्ध होने के बाद जबरन दूसरी कंपनी की शराब की शिकायत मिली है। विरोध करने पर ग्राहको के साथ दुकान संचालक और कर्मचारियों द्वारा अभद्र व्यवहार करने का आरोप लग रहा है। ग्राहकों ने बताया कि दुकान में उनकी पसंद की शराब होने होने के बाद भी दूसरी ब्रांड की शराब थमाया जा रहा है। इस मामले में जब आबकारी अधिकारी एके सिंग से संपर्क करने का प्रयास किया गया तो उनके मुख्यालय में नही होने के कारण चर्चा नहीं हो सकी है। वहीं शराब दुकान के संचालक ने इस मामले में कुछ भी कहने से इंकार कर दिया। ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि आबकारी विभाग के अधिकारी शराब कंपनी से सांठगांठ कर उनकी शराब खपा रहे हैं, जबकि ग्राहक को उक्त ब्रांड की शराब पसंद नहीं कर रहे हैं।

## सरकार की नीतियों से जनता परेशान : चुम्मन



**छुरिया।** जिला कांग्रेस के महामंत्री चुम्मन साहू ने भाजपा सरकार पर हमला बोलते हुए कहा है कि साय सरकार की जनविरोधी नीतियों से जनता त्रस्त हो चुकी है। चुनाव में किए गए वादों पर अब तक अमल नहीं हुआ है। महंगाई, बेरोजगारी चरम पर है। विकास कार्य ठप्प हैं।

एक विज्ञप्ति में श्री साहू ने कहा कि सरकार केवल नाम बदलने और प्रचार करने में लगी हुई है। जमीनी स्तर पर कोई काम नहीं हो रहा है। गांवों में मूलभूत सुविधाओं की कमी है। सड़कें जर्जर हो गई हैं। नए स्कूल भवन नहीं बन रहे हैं। स्वास्थ्य सुविधाएं का बुरा हाल है। उन्होंने आरोप लगाया कि किसानों के हितों की बात करने वाली सरकार धान खरीदी, बोनस और समर्थन मूल्य जैसे मुद्दों पर स्पष्ट नीति नहीं बना पा रही है। किसानों को समय पर भुगतान और राहत नहीं मिल रही, जिससे वह आर्थिक संकट से जूझ रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार की प्राथमिकता में शराब दुकानें खुलवाना शामिल हो गया है। शराब बिक्री को बढ़ावा देने से माहौल बिगड़ रहा है।

## पार्षद आलोक का राउत खुमरी ओढ़ाकर सम्मान

# गीता जयंती मनाने यादव समाज की सराहना

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

मोहारा वार्ड स्थित यादव भवन में समाज द्वारा आयोजित कार्यक्रम में वार्ड पार्षद आलोक श्रोती का राउत खुमरी ओढ़ाकर सम्मान किया गया। बता दें कि मोहारा वार्ड में पार्षद आलोक श्रोती की वार्डवासियों की बुनियादी सुविधाएं को लेकर सजगता व सक्रियता से वार्डवासियों में अच्छा क्रेज बना हुआ है।

नगर निगम के एमआईसी मेंबर व पार्षद आलोक श्रोती वार्डवासियों के हर सुख-दुख में खड़े होकर एक सजग जनप्रतिनिधि होने की सजग भूमिका अदा करते हैं। इससे प्रभावित होकर कोसारिया यादव समाज सिंगदइ सर्किल द्वारा सामाजिक परंपरा व संस्कृति के अनुसार श्री श्रोती का सम्मान राउत खुमरी पहनाकर तथा झूललाठी व स्मृति चिन्ह देकर किया गया।

श्रोती ने यादव समाज के आराध्य भगवान श्रीकृष्ण द्वारा कहे गए स्वर्णिम वाक्य गीता जयंती मनाने की सराहना की और कहा कि राज्य व केंद्र की डबल इंजन सरकार द्वारा श्रमिकों के हित बहुत सारी जनहितकारी योजनाएं चलाई जा रही है। जिसका समाज भरपूर लाभ ले और बच्चों को खूब पढ़ाए।



### सामाजिक भवन में कोचिंग, कम्प्यूटर क्लास

उन्होंने कहा कि समाज के लिए जो भवन उपलब्ध होने जा रहा है, उसमें बच्चों को कोचिंग ट्यूशन, कम्प्यूटर क्लास लगाकर उसे आगे बढ़ाने प्रेरित की जाए, ताकि बच्चे आधुनिक ज्ञान अर्जन कर बड़ा आदमी बन सके और समाज का नाम रौशन कर सकें। कार्यक्रम का संचालन कवि पवन यादव द्वारा किया गया। इस अवसर पर समाज के अध्यक्ष विशारद यादव, उपाध्यक्ष मनोज यादव, सचिव थनवार यादव, सहसचिव जागेश्वर यादव, संरक्षक पवन यादव, संतोष यादव, सरपंच भगवान सिंह यादव, लालचंद यादव, लोरीक यादव, बसंत यादव, कुशल यादव, गीता यादव, डोमेंद्र यादव, घसिया यादव, रामगुलाल यादव, सुनीति यादव, सेवती यादव, चंदाबाई, रेनू यादव सहित बड़ी संख्या में मोहारावासी व समाज के लोग उपस्थित थे। उक्ताशय की जानकारी पवन यादव द्वारा दी गई।

## अवंतीबाई के बलिदान दिवस आयोजन पर चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

गोछीया में छत्तीसगढ़ लोधी समाज की बैठक आयोजित की गई। बैठक में संगठनात्मक सुदृढ़ीकरण, समाजिक एकता तथा भावी कार्यक्रमों पर चर्चा की गई। बैठक में आगामी 20 मार्च को वीरांगना रानी अवंतीबाई लोधी के बलिदान दिवस को ऐतिहासिक रूप से मनाने पर चर्चा की गई। पदाधिकारियों ने आयोजन को सफल बनाने हेतु विभिन्न समितियों के गठन, प्रचार-प्रसार, सांस्कृतिक कार्यक्रमों आयोजित करने के सुझाव दिए। इस मौके पर प्रदेश कोषाध्यक्ष विष्णु लोधी ने कहा कि बलिदान दिवस केवल श्रद्धांजलि का अवसर नहीं, बल्कि समाज की एकजुटता और गौरव को प्रदर्शित करने का संकल्प दिवस है। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष घनश्याम वर्मा, कृष्णकुमार सिगौर, जीवन कौशिक, जयप्रकाश लोधी, महेंद्र कौशिक, अधीन जंघेल, भगवती वर्मा, रामचंद्र वर्मा, ईश्वरी वर्मा, विश्राम वर्मा, सुरेश सिगौर, संतोष कौशिक, जमुना वर्मा, रामफल कौशिक, बोहरन कौशिक, रामशरण कौशिक, कृष्णा जंघेल, रामधुन लोधी, गिरधर लोधी, रघुनंदन वर्मा आदि शामिल हुए।





विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## प्रदेश भाजपा सरकार ने पेश किया वित्तीय बजट, नेताओं ने दी मिलीजुली प्रतिक्रिया

# भाजपा ने कहा बजट विकासपरख, कांग्रेस बोली छलावा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

छत्तीसगढ़ प्रदेश सरकार के वित्त मंत्री ओपी चौधरी द्वारा पेश किए गए बजट को भारतीय जनता पार्टी ने छत्तीसगढ़ प्रदेश, युवा, गांव, गरीब, महिला और किसान हित का बजट बताया है। वहीं कांग्रेस ने साय सरकार के इस बजट को निराशाजनक और दिशाहीन करार दिया है।

### विकसित होगा छत्तीसगढ़ : संतोष पांडेय



भारतीय जनता पार्टी के मुख्य प्रवक्ता एवं सांसद संतोष पांडेय ने प्रदेश की विष्णुदेव साय सरकार के नए विधानसभा भवन में प्रस्तुत तीसरे बजट को ऐतिहासिक एवं सर्वसमावेशी बताते हुए कहा कि प्रदेश सरकार के इस बजट में विकसित छत्तीसगढ़ की रूपरेखा तैयार की गई है। श्री पाण्डेय ने कहा कि इस बजट में बस्तर से लेकर सरगुजा तक सरकार ने दिल खोलकर प्रावधान रखा है। किसान, युवा, महिला सभी को इस बजट का लाभ मिलेगा।

### दूरदर्शी बजट : अभिषेक सिंह



पूर्व सांसद अभिषेक सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में वित्त मंत्री ओपी चौधरी द्वारा प्रस्तुत यह बजट केवल आय-व्यय का लेखा-जोखा नहीं, बल्कि प्रदेश के समग्र और चहुँमुखी विकास का स्पष्ट रोडमैप है। अधोसंरचना, स्वास्थ्य, शिक्षा, उद्योग, ग्रामीण संपर्क और रोजगार सृजन सभी क्षेत्रों को संतुलित रूप से प्राथमिकता दी गई है। यह बजट विकास की गति को दोगुना करने और प्रदेश को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में ठोस कदम है।

### जिले को मिली कई सौगातें : मधुसूदन



महापौर मधुसूदन यादव ने कहा कि मोहारा एनीकट में पेयजल उपलब्धता हेतु चौकी एनीकट से मोहारा तक पाईप लाइन के माध्यम से पेयजल योजना हेतु 5 करोड़ रुपए का प्रावधान, मोहारा एनीकट में जल भराव क्षमतावृद्धि हेतु एनीकट की ऊंचाई बढ़ाने हेतु 4.5 करोड़ रुपए का प्रावधान, बॉकल शिवनाथ नदी पर स्टापडेम हेतु 5 करोड़ का प्रावधान, पारीकला एनीकट कम कॉजवे निर्माण हेतु 5 करोड़ का प्रावधान, भरेंगांव एवं धामनसरा में शिवनाथ नदी तट संरक्षण कार्य हेतु 5-5 करोड़ का बजट प्रावधान किए गए हैं।

### विकसित छत्तीसगढ़ का रोडमैप : नीलू शर्मा



छग पर्यटन निगम के अध्यक्ष नीलू शर्मा ने पर्यटन क्षेत्र पर दिए गए फोकस को ऐतिहासिक बताया। उन्होंने कहा कि शक्तिपीठ भ्रमण योजना, शक्तिपीठ सर्किट, राजिम में कास्य प्रतिमा, सिरपुर विकास के लिए 36 करोड़, ईको टूरिज्म के लिए फिक्की के साथ 500 करोड़ का एमओयू और मैनपाट-जशपुर में पर्यटन स्थलों का विकास प्रदेश को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाएगा। पर्यटन से न केवल सांस्कृतिक धरोहरों का संरक्षण होगा, बल्कि हजारों युवाओं को रोजगार भी मिलेगा।

### जनता को धोखा देने वाला बजट : धनेश पाटिला



कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व पूर्व ऊजार् मंत्री धनेश पाटिला ने साय सरकार द्वारा प्रस्तुत आम बजट को जनता को धोखा देने वाला बजट बताते हुए कहा कि पिछले बार पीडब्ल्यूडी के लिए बजट में मात्र 28 फीसदी ही खर्च कर पाया था। वहीं कई मदों में एक धेला भी नहीं खर्च किया था । ऐसा बजट किस काम का, जो सिर्फ दिखावा साबित हो और विकास में न खर्च हो। यही नहीं पीएचई, मार्कफेड सहित अन्य विभागों में देन दारिया बनी हुई है।

### बजट में सिंचाई का विशेष ध्यान : खूबचंद



भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता खूबचंद पारख ने कहा कि यह बजट छत्तीसगढ़ के विकास को गति प्रदान करेगा। विकसित भारत के विज़न के आधार पर प्रदेश के सभी क्षेत्रों में समान विकास की अवधारणा से निर्मित है। कृषि की दृष्टि दो बैराज जिससे लगभग 8 हजार एकड़ जमीन में सिंचाई का प्रावधान किया गया है। इससे कृषकों को लाभ होगा। इसके अलावा नए कैनलो निर्माण का भी उल्लेख किया गया है। शिक्षा एवं चिकित्सा की दृष्टि से एससी, एसटी तथा पिछड़ा वर्ग की महिलाओं के लिए अलग-अलग हॉस्टल बनाकर नारी शिक्षा को प्रोत्साहित किया गया है।

### अंत्योदय के उत्थान को समर्पित : कोमल राजपूत



भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत ने प्रदेश के बजट 2026-27 को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित व आत्मनिर्भर भारत की गारंटी और मुख्यमंत्री विष्णुदेव के सुशासन का सशक्त दस्तावेज बताया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के गरीब, युवा, नारी शक्ति, छात्र, अन्नदाता के साथ मध्यम वर्ग और उद्यमियों के कल्याण व सशक्तिकरण के प्रावधान बजट में किए गए हैं।

### जनअपेक्षाओं से कटा सरकार का बजट: जितेंद्र



साय सरकार के तृतीय बजट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते जिला शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष जितेंद्र मुदलियार ने बजट को "जनअपेक्षाओं से कटे हुए दस्तावेज" की संज्ञा दी। उन्होंने कहा कि बजट में विकास के दावे तो बड़े हैं, परंतु ठोस प्रावधानों का अभाव साफ दिखाई देता है। युवाओं के लिए रोजगार सृजन, रिक्त पदों पर भर्ती और कौशल उन्नयन जैसे मुद्दों पर स्पष्ट रोडमैप नहीं दिया गया। जिससे बेरोजगारों में निराशा बढ़ेगी।

### सहकारिता एवं कृषकों का बजट : सचिन बघेल



जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित राजनांदगांव के अध्यक्ष सचिन सिंह बघेल ने आज छत्तीसगढ़ का वर्ष 2026-27 का बजट प्रस्तुत होने पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि यह बजट सहकारिता क्षेत्र, कृषक सशक्तिकरण और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने वाला दूरदर्शी दस्तावेज है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में वित्त मंत्री ओपी चौधरी द्वारा छत्तीसगढ़ विधानसभा में प्रस्तुत बजट किसानों एवं ग्रामीण अंचलों के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध होगा। श्री बघेल ने कहा कि सहकारिता को बढ़ावा दिए जाने का लाभ सीधे तौर पर गांव, गरीब और किसानों को मिलेगा। इससे गांव की आर्थिक स्थिति मजबूत होगी और ग्रामीण विकास की सोच को भी आगे बढ़ाने की दिशा में यह बजट काफी उपयोगी साबित होगा। श्री बघेल ने बजट पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते मुख्यमंत्री और वित्तमंत्री का आभार व्यक्त किया।

### निराशा वाला बजट : पिन्टू



कांग्रेस प्रवक्ता एवं वरिष्ठ कांग्रेसी कमलजीत सिंह पिंटू ने कहा कि युवा, कृषि, उद्योग, रोजगार और महिलाओं के लिए बजट में कोई ठोस प्रावधान नहीं किया गया। उन्होंने कहा कि यह बजट किसानों, युवाओं और आम जनता की उम्मीदों पर खरा नहीं उतरता है। यह बजट जनता को निराश करने वाला और जमीनी हकीकत से दूर है । बजट में रोजगार, शिक्षा और कृषि उद्योग को बढ़ावा देने के लिए कुछ नहीं है। 500 रुपए में रसोई गैस सिलिंडर के वादे के लिए कोई प्रावधान नहीं किया गया।

### विकास को मिलेगी रफ्तार : शिव वर्मा



भाजपा के वरिष्ठ नेता शिव वर्मा ने राज्य के वित्त मंत्री ओपी चौधरी द्वारा पेश किए गए 1 लाख 72 हजार करोड़ रुपए के बजट का स्वागत करते हुए कहा है कि यह बजट छत्तीसगढ़ के सर्वांगीण और संतुलित विकास की दिशा में एक मजबूत कदम है। उन्होंने कहा कि इस बजट में समाज के सभी वर्गों और प्रदेश के प्रत्येक क्षेत्र का समुचित ध्यान रखा गया है। जिससे विकास की गति और तेज होगी। यह बजट केवल आंकड़ों का दस्तावेज नहीं, बल्कि विकास का स्पष्ट रोडमैप है।

### बजट विनाश व दुर्गति वाला: कुलबीर



पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा ने बजट को लेकर कहा कि सरकार बड़ी-बड़ी घोषणाएं करती है, किन्तु जमीनी स्तर पर कुछ नहीं। सरकार ने सड़क, पेयजल, बिजली, स्वास्थ्य और शिक्षा जैसी बुनियादी सुविधाओं के लिए जनता को तरसा दिया है। छोटे व्यापारी और मध्यम वर्ग आर्थिक दबाव में है। किसान लागत और लाभ के अंतर से जूझ रहा है। ऐसे समय में बजट से ठोस राहत की अपेक्षा थी, परंतु बजट में किसानों, महिलाओं और युवाओं के लिए कुछ भी नहीं है, मोदी की गारंटी का कोई जिक्र ही नहीं।

### नींव का दर्पण है यह बजट : संतोष अग्रवाल



विधायक प्रतिनिधि संतोष अग्रवाल ने प्रदेश के उन्नत छत्तीसगढ़ की नींव का दर्पण बताया है। यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प को साकार करने की दिशा में प्रदेश सरकार का एक दूरदर्शी और जनहितैषी बजट है। उन्होंने कहा कि यह बजट पूरी तरह विकासोन्मुख है और इसमें बुनियादी ढांचे, ग्रामीण विकास तथा रोजगार सृजन पर विशेष जोर दिया गया है। सरकार ने शहर एवं गांवों में सड़कों के विकास के लिए बड़े पैमाने पर धनराशि का प्रावधान किया है।

### खुशहाली को समर्पित बजट: किरण वैष्णव



जिपं अध्यक्ष किरण वैष्णव ने कहा कि साय सरकार का बजट गांव, गरीब, महिलाओं और किसानों की समृद्धि एवं खुशहाली को समर्पित है। यह बजट प्रदेश के विकास, ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती देने तथा आमजन के जीवन स्तर को बेहतर बनाने की दिशा में दूरदर्शी साबित होगा। यह बजट किसानों की आय बढ़ाने तथा ग्रामीण क्षेत्रों के विकास को गति देने वाला है।

### सामाजिक ढांचा मजबूत होगा : दिनेश गांधी



पूर्व अध्यक्ष जिपं दिनेश गांधी ने कहा कि भाजपा सरकार का बजट ग्रामीण अर्थव्यवस्था, बुनियादी ढांचे, शिक्षा, स्वास्थ्य तथा महिला सशक्तिकरण को पंख देने वाला है। बजट प्रावधान से सड़क, आवास योजना, कृषि एवं सिंचाई परियोजनाओं को गति मिलेगी और गांव-गांव तक विकास की धारा पहुंचेगी। युवाओं के लिए शिक्षा एवं कौशल विकास पर ध्यान देने से सामाजिक ढांचा मजबूत होगा।

### उपयोगी है बजट : अशोक चौधरी



भाजपा किसान नेता अशोक चौधरी ने कहा कि कृषि के हिसाब से सिंचाई और कृषि पंप पर निःशुल्क बिजली उपलब्धता करने को लेकर की गई घोषणा तथा छत्तीसगढ़ में दो बैराज जिसमें एक बड़ा बैराज इंद्रावती नदी में जिससे करीब 80000 एकड़ जमीन में सिंचाई उपलब्ध होगा, यह किसानों के लिए बहुत फायदेमंद होगा। प्रदेश के कई जगह पर नए कैनाल के निर्माण होंगे, यह किसानों के लिए बहुत उपयोगी होगा।

### विकसित राज्य की मजबूत नींव : हिना जैन



डोंगरगांव की चार्टर्ड एकाउंटेड हिना जैन ने कहा कि छत्तीसगढ़ का बजट विकास की नई ऊंचाइयों पर ले जाने वाला साबित होगा। प्रस्तुत बजट किसानों, महिलाओं और युवाओं के लिए आशा की नई किरण है। रानी दुर्गावती योजना के तहत बेटियों को 18 साल के होने पर डेढ़ लाख देने के निर्णय से आत्मनिर्भरता बढ़ेगी। बेटियों को आगे बढ़ने का पूरा मौका मिलेगा।

### सरकार का विजन साफ नहीं : श्रुति शुक्ला



कांग्रेस प्रवक्ता श्रुति शुक्ला ने कहा कि दो कदम आगे और चार कदम पीछे चलने वाली साय सरकार का यह बजट भी निराशाजनक है। बीते दो साल में सरकार यह साफ नहीं कर पाई है कि उसका विजन क्या है? हालत यह है कि सरकार अपने निर्णय पर अडिग नहीं रह पा रही है। सरकार दो साल में शहर और गांव के विकास पर कोई पहल नहीं कर पाई है। धन के अभाव में जनप्रतिनिधि खाली बैठे हैं।

### जुमला से भरपूर बजट : गुलाब वर्मा



कांग्रेस के वरिष्ठ नेता गुलाब वर्मा ने कहा कि सरकार ने बजट से किसानों और युवाओं को छला है। किसान हितैषी होने का दिखावा करने वाली भाजपा सरकार ने किसानों को राहत देने के लिए खाद, बीज, दवा, कृषि मशनरी के दाम को कम करने की दिशा में कोई कदम नहीं उठाया है। वहीं मोदी की गारंटी के तहत युवाओं को नौकरी देने का वादा भी अब तक जुमला बना हुआ है। नौकरी मांगने पर युवाओं को जेल भेजा रहा है।

### ओबीसी वर्ग का रखा ध्यान : दिलीप



दिलीप साहू ने कहा कि बजट में किसान, युवा, महिलाएं, आदिवासी के साथ ओबीसी वर्ग के उत्थान पर विशेष ध्यान दिया गया है। ओबीसी वर्ग जो समाज की रीढ़ है, की प्रगति से ही प्रदेश मजबूत होगा। रायपुर में 200 सीटर आधुनिक छात्रावास बनने से बेटियां बेफिक्र होकर पढ़ाई कर सकेंगी। बजट से अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक लाभ पहुंचेगा।

### संकल्प थीम पर जारी हुआ : अजय पटेल



छुरिया नगर पंचायत अध्यक्ष अजय पटेल ने कहा कि इस बजट में सभी वर्गों की आवश्यकता और उनके विकास को ध्यान में रखते हुए पेश किया है। अपने बयान में नगर पंचायत छुरिया के अध्यक्ष अजय पटेल ने कहा कि 5 हजार करोड़ से शुरू होकर आज 172000 करोड़ पर पहुंचने वाले साय सरकार का यह बजट बहुत ही कीर्तिमान स्थपित करने वाला बजट है। गांव, गरीब, महिलाओं और किसानों की समृद्धि एवं खुशहाली को समर्पित बजट बताया है।

### हर वर्ग को शक्ति देने वाला बजट : विक्रांत चंद्राकर



भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिला महामंत्री विक्रांत चंद्राकर ने कहा कि यह बजट केवल वित्तीय दस्तावेज नहीं, बल्कि समाज के हर वर्ग को साथ लेकर आगे बढ़ने का दृढ़ संकल्प है। महतारी वंदन योजना के लिए बड़े वित्तीय प्रावधान कर प्रदेश की माताओं को आर्थिक सहयोग प्रदान किया गया है। यह योजना केवल सहायता राशि नहीं, बल्कि महतारी के त्याग, परिश्रम और परिवार निर्माण में उनकी भूमिका का सम्मान है, जब महतारी सशक्त होगी, तब समाज और प्रदेश दोनों सशक्त होंगे।

### न भर्ती, न महंगाई पर राहत : ऋषि शास्त्री



पूर्व पार्षद ऋषि शास्त्री ने छत्तीसगढ़ सरकार के बजट 2026-27 को जनविरोधी बताते कहा है कि यह बजट विकास का रोडमैप नहीं, बल्कि प्रचार का दस्तावेज है। बड़े-बड़े दावों और कागजी आंकड़ों के जरिये सरकार प्रदेश की वास्तविक समस्याओं से ध्यान भटकाने का प्रयास कर रही है। शास्त्री ने कहा कि प्रदेश का युवा आज भी रोजगार के लिए भटक रहा है, लेकिन बजट में न तो स्पष्ट भर्ती कैलेंडर का उल्लेख है और न ही स्थायी रोजगार सृजन की ठोस कार्ययोजना।

### आत्मविश्वास का बजट : आलोक श्रोती



पार्षद एवं शिक्षा विभाग के चेयरमैन आलोक श्रोती ने इसे प्रदेश के विकास को बल देने वाला युवाओं का बजट बताया है। उन्होंने कहा कि यह बजट न केवल प्रदेश की तरक्की और उन्नति का मार्ग प्रशस्त करेगा, बल्कि युवाओं के लिए भी इस बजट में कई प्रावधान किए गए हैं । जिससे इसका सीधा लाभ युवाओं की शिक्षा, उनकी नौकरी और उनकी आत्मनिर्भरता का मार्ग तय करेगा । इस बजट में शिक्षा के लिए राज्य के विश्वविद्यालयों को 731 करोड़ रुपए का अनुदान दिया जाएगा।

### किसानों व हर वर्ग का ख्याल : रामकुमार गुप्ता



डोंगरगांव के भाजपा नेता रामकुमार गुप्ता ने कहा कि बजट में किसानों के हितों को पहली प्राथमिकता दिया गया। किसानों को आर्थिक रूप से मजबूत करने, उपज की सही कीमत देने हेतु बजट में कृषि उन्नति योजना हेतु 10 हजार करोड़ का प्रावधान किया गया। सिंचाई विस्तार कृषि पम्पों की स्थापना हेतु 5500 करोड़ का प्रावधान किया गया। इससे किसानों को बेहतर सिंचाई सुविधा मिलेगा। किसानों के आय में वृद्धि होगा। आर्थिक व्यवस्था हेतु ऋण बिना ब्याज के लिए 300 करोड़ का प्रावधान किया। प्राकृतिक खेती को प्रोत्साहित करने हेतु 40 करोड़ का प्रावधान है।

### धरातल पर सन्नाटा : विशु अजमानी



कांग्रेस प्रदेश अल्पसंख्यक विभाग के सचिव विशु अजमानी ने साय सरकार के हालिया बजट को जनअपेक्षाओं से कटा हुआ बताया है। उन्होंने कहा कि लगभग पौने दो घंटे के बजट भाषण में बड़े आंकड़े और घोषणाएं जरूर गिनाई गईं, लेकिन युवाओं, महिलाओं, कृषक वर्ग और आम जनता के लिए कोई स्पष्ट एवं समयबद्ध विज़न नजर नहीं आया। शिक्षा, स्वास्थ्य, बेरोजगारी, महंगाई और बुनियादी सुविधाओं जैसे मूल मुद्दों पर ठोस कार्ययोजना का अभाव दिखाई देता है।

### खुश करने वाला बजट : राजेश श्यामकर



पूर्व जिला पंचायत सदस्य व वरिष्ठ भाजपा नेता राजेश श्यामकर ने कहा की आज नवीन विधानसभा में बजट पेश किया गया, जो छत्तीसगढ़ के विकास के लिए मिल का पत्थर साबित होगा। यह बजट सुशासन से समृद्धि मॉडल को मजबूत आधार प्रदान करेगा। विकास की रफ्तार पकड़ेगी। रोजगार, कृषि , सामाजिक सुरक्षा तथा मानव संसाधन की विकास बढ़ेगी। श्री श्यामकर ने आगे कहा कि राज्य की भाजपा सरकार गरीब, किसान, मजदूर व राज्य की विकास हितैषी सरकार है।

### धोखा वाला बजट : रूपेश दुबे



छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता रूपेश दुबे ने छग सरकार के बजट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि इस बजट से यह साफ हो गया कि छग सरकार दिशाहीन सरकार है।इस बजट में ना तो इसमें युवाओं को रोजगार के लिए, महतारी वंदन के नए हितग्राहियों के लिए, 500 में गैस सलेंडर जैसे के लिए राशि प्रावधान नहीं किया गया है। यहां तक वीबी जी-राम-जी की ढोल पीटने वाली भाजपा भगवान राम के ननिहाल में राम वन पथ गमन के लिए बजट में राशि का प्रावधान न कर भगवान राम को भी धोखा दिए हैं।

### बजट जनहितैषी : ऋषिदेव चौधरी



छत्तीसगढ़ विधानसभा में आज पेश किए गए 1.72 लाख करोड़ रुपए का संकल्प बजट वास्तव में विकसित छत्तीसगढ़ निर्माण की दिशा में एक मजबूत और दूरदर्शी कदम है। बजट पर अपनी प्रतिक्रिया देते उक्त बातें भारतीय जनता पार्टी राजनांदगांव के जिला मंत्री ऋषिदेव चौधरी ने कही। उन्होंने बजट की प्रशंसा करते कहा कि यह बजट सर्व जन हिताय, सर्व जन सुखाय की कहावत को चरितार्थ करने वाला बजट है। जिसमें हर वर्ग का विशेष रूप से ध्यान रखा गया है ।

### मिलेगी नई दिशा : जागृति यदु



जिला पंचायत सभापति जागृति चुन्नी यदु ने राज्य सरकार द्वारा प्रस्तुत वर्ष 2026-27 के बजट पर अपनी विस्तृत प्रतिक्रिया व्यक्त करते कहा कि यह बजट छत्तीसगढ़ के समग्र, संतुलित एवं सर्वांगीण विकास का स्पष्ट रोडमैप प्रस्तुत करता है। इसमें समाज के प्रत्येक वर्ग की आवश्यकताओं और अपेक्षाओं का समुचित ध्यान रखा गया है। बजट में किसानों के लिए कृषि उन्नयन, आधुनिक तकनीकों के उपयोग, सिंचाई सुविधाओं के विस्तार तथा समर्थन मूल्य से संबंधित प्रावधानों को प्राथमिकता दी गई है।

### किसान हितों वाला बजट : मूलचंद लोधी




भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के प्रदेश मंत्री मूलचंद लोधी ने प्रदेश सरकार द्वारा प्रस्तुत बजट को किसान, गरीब और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान करने वाला बजट बताया है। उन्होंने कहा कि यह बजट किसानों की आय बढ़ाने, कृषि को लाभकारी बनाने और गांवों के समग्र विकास की दिशा में ठोस कदम है। श्री लोधी ने कहा कि बजट में कृषि अधोसंरचना, सिंचाई विस्तार, समर्थन मूल्य पर खरीदी की सुदृढ़ व्यवस्था तथा कृषि यंत्रीकरण को बढ़ावा देने के लिए किए गए प्रावधान स्वागतयोग्य है।

### मिल का पत्थर साबित होगा : प्रखर



बजट को लेकर भारतीय जनता युवा मोर्चा दक्षिण मंडल अध्यक्ष प्रखर श्रीवास्तव ने कहा कि यह बजट 2047 के विकसित भारत की संकल्पना को साकार करने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा। इस बजट में सभी वर्ग का ख्याल रखा गया है। प्रखर ने इस बजट को ज्ञान और समावेशी विकास पर केंद्रित व जो अंत्योदय के कल्याण को समर्पित है। यह बजट गुड गवर्नेंस, टेक्नोलॉजी और इंडस्ट्रियल ग्रोथ पर जोर देता है।

### किसान हित में समर्पित बजट : राधेश्याम शर्मा




सांसद जिला मीडिया प्रभारी राधेश्याम शर्मा ने विष्णुदेव साय सरकार द्वारा प्रस्तुत बजट को गांव, गरीब व किसान समर्पित बजट बताया। प्रत्येक क्षेत्र में व्यापक प्रावधान के साथ वित्त मंत्री ने बजट प्रस्तुत किया। कृषि सिंचाई, पशुपालन, ग्रामीण रोजगार के लिए इस बजट में विशेष प्रावधान किया गया है, जिसे सभी वर्ग को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में पूरी तरीके से फोकस किया गया है। शिक्षा, स्वास्थ्य , रोजगार सृजन जैसे अनेक आधारभूत सुविधाओं का विस्तार इस बजट में होगा।

### कैशलेस चिकित्सा का स्वागत : राजेन्द्र



छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा राज्य कर्मचारियों के लिए कैशलेस चिकित्सा योजना लागू करने की घोषणा का छत्तीसगढ़ प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष राजेन्द्र खण्डेलवाल ने स्वागत किया है। जिलाध्यक्ष राजेन्द्र खण्डेलवाल ने कहा कि योजना लागू होने से कर्मचारियों और उनके परिजनों को उपचार में सुविधा मिलेगी तथा आकस्मिक चिकित्सा व्यय का बोझ कम होगा। कर्मचारियों को समय पर उपचार प्राप्त करने में सहूलियत होगी।

### विकास और विश्वास का बजट: दादूराम




भाजपा किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष दादूराम सोनकर ने कहा कि यह बजट मोदी की गारंटी को पूरा करने और राज्य के अन्नदाताओं को सशक्त बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार किसानों के सर्वांगीण विकास के लिए संकल्पित है। बजट में कृषक उन्नति योजना हेतु 10,000 करोड़ रुपए एतिहासिक आवंटन और कृषि पंपों के लिए 5,500 करोड़ रुपए का प्रावधान यह स्पष्ट करता है कि भाजपा सरकार की प्राथमिकता में सदैव किसान ही सर्वोपरि है।

### जनहितकारी बजट : कैलाश शर्मा



प्रदेश भाजपा प्रवक्ता व किसान कैलाश शर्मा ने बजट का स्वागत करते कहा कि 'संकल्प' थीम पर आधारित यह बजट स्पष्ट करता है कि भाजपा सरकार केवल नीतियां नहीं बनाती, बल्कि धरातल पर परिणाम देने की क्षमता रखती है। उन्होंने कहा कि यह बजट किसानों, महिलाओं, युवाओं और ग्रामीण गरीबों को सशक्त करने वाला है और छत्तीसगढ़ को तेजी से विकसित राज्यों की श्रेणी में आगे ले जाने वाला वित्तीय दस्तावेज है।

### विकास का मजबूत रोडमैप : आभा तिवारी



भाजपा म. मो. प्रदेश प्रवक्ता आभा तिवारी ने बजट के मुख्य बिंदुओं पर प्रकाश डालते कहा कि यह बजट समाज के प्रत्येक वर्ग को सशक्त करने वाला है। महिला सशक्तिकरण राज्य की माताओं, बहनों और बेटियों के लिए यह अत्यंत हर्ष का विषय है कि सरकार ने महिला सशक्तिकरण और स्वास्थ्य क्षेत्र में ऐतिहासिक प्रावधान किए हैं।

### ऐतिहासिक बजट : चिन्टू सोनकर



भाजयुमो के जिला अध्यक्ष चिन्टू सोनकर ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा प्रस्तुत छत्तीसगढ़ बजट 2026-27 युवाओं, विद्यार्थियों एवं प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे लाखों छात्र-छात्राओं के लिए आशा, अवसर और आत्मनिर्भरता का नया द्वार खोलने वाला बजट है। यह बजट शिक्षा, कौशल विकास और रोजगार सृजन को प्राथमिकता देते प्रदेश के युवाओं को सशक्त बनाने की दिशा में ऐतिहासिक कदम है।

### जमीनी हकीकत में निराशा : अभिमन्यु मिश्रा



राज्य बजट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के मीडिया पैनलिस्ट अभिमन्यु उदय मिश्रा ने कहा कि यह बजट प्रदेश के किसानों, युवाओं, महिलाओं, कर्मचारियों और मध्यम वर्ग की अपेक्षाओं पर खरा उतरने में पूरी तरह विफल रहा है। यह बजट जनकल्याण नहीं, बल्कि कॉर्पोरेट हितों और संसाधनों के अंधाधुंध दोहन को बढ़ावा देने वाला दस्तावेज प्रतीत होता है।

### बजट में छात्रों को राहत नहीं : राजा यादव



एनएसयूआई के प्रदेश महासचिव राजा यादव ने बजट पर अपनी प्रतिक्रिया देते कहा कि छत्तीसगढ़ शासन के बजट में छात्रों के लिए कुछ नहीं किया गया, जो कि बेहद ही दुर्भाग्यपूर्ण है। छात्रों को आने-जाने के लिए परिवहन भत्ता एवं छात्रवृत्ति की राशि में वृद्धि के लिए भी किसी भी प्रकार का कोई पैकेज जारी नहीं किया गया। बजट में शिक्षा के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने, फीस में राहत और छात्रों को रोजगारमुखी अवसर देने की कोई स्पष्ट नीति नहीं दिखाई देती है। श्री यादव ने कहा कि युवाओं के लिए इस बजट में कोई प्रावधान नहीं किए गए हैं।

## खबर संक्षेप

### पर्यावरण संरक्षण गतिविधि ने सौंपा अनुरोध पत्र

**राजनांदगांव।** राजनांदगांव की पर्यावरण संरक्षण गतिविधि राजनांदगांव के



विभाग संयोजक मनोहर चंदेल एवं जिला संयोजक मयंक कृष्णा शर्मा के नेतृत्व व जिला एनजीओ प्रमुख सौरभ खंडेलवाल, नगर संयोजक निकुंज सिंघल, शहर नारी शक्ति प्रमुख मौसमी शर्मा, सह प्रमुख ममता शर्मा एवं नगर निगम स्वास्थ्य विभाग के चेयरमैन शैंकी बग्गा द्वारा कलेक्टर जितेन्द्र यादव एवं जिला पंचायत सीईओ सुरूचि सिंह से सौजन्य मुलाकात कर एक अनुरोध पत्र ज्ञापन सौंपा है। उपरोक्त जानकारी पर्यावरण संरक्षण गतिविधि के जिला एनजीओ प्रमुख सौरभ खंडेलवाल ने दी।

### प्रति नियुक्ति समाप्ति पर सम्मानित किए गए यूनुस



**राजनांदगांव।** संभागीय सेनानी एनीमा कुजूर ने जिला सेनानी कार्यालय में निरीक्षण की कार्रवाई पश्चात अग्निशमन विभाग में वर्षों से अपनी सेवाएं दे रहे बेंजामिन यूनुस की यहां से सेवा समाप्ति के लिए उन्हें अपनी शुभकामनाएं दी। श्री यूनुस की 28 फरवरी को सेवा समाप्ति होगी। आज कार्यालय जिला सेनानी एवं जिला अग्निशमन अधिकारी द्वारा उन्हें शाल व श्रीफल भेंट कर अग्निशमन विभाग से प्रतिनियुक्ति समाप्त कर मूल विभाग नगर पालिक निगम में भेज कर विदाई दी गई एवं उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए उन्हें संभागीय सेनानी द्वारा प्रशस्ति पत्र एवं मोमेंटो प्रदान किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला सेनानी महासमुंद दिनेश रावटे एवं कांकेर जिला सेनानी संजय मिश्रा और राजनांदगांव जिला सेनानी अरुण कुमार सिंह के साथ-साथ समस्त स्टाफ उपस्थित रहे।

### आज श्रीश्याम प्रभु का अखंड पाठ

**राजनांदगांव।** श्री श्याम प्रभु के तीसरे दरबार छत्तीसगढ़ के राजनांदगांव जिले में स्टेशनपारा स्थित श्री शक्तिधाम से निशान उठाकर रामाधीन मार्ग के श्री श्यामकुटी के श्रीदासी श्याम दरबार में निशान को अर्पण करने से भक्तों की मनोकामना पूर्ण होती है। श्रीदासी श्याम मंडल द्वारा फाल्गुन का रंगोत्सव के प्रथम दिवस पर कल 25 फरवरी को सुबह आरती, सत्संग, भजन के पश्चात दोपहर 3 बजे से श्रीश्याम प्रभु का अखंड पाठ किया जाएगा। श्री श्यामकुटी परिवार व श्रीदासी श्याम मंडल के शिष्यजन व भक्तजन श्रीदासी श्याम दरबार को अपनी गंगोत्री मानते हैं, जहां से गंगाजी जैसे श्रीदासी श्याम मंडल की कई शाखाएं देश में बनकर सेवा, गृहस्थ धर्म का पालन के साथ-साथ भक्ति और पूजा में लग गए हैं।

### कच्ची महुआ शराब और महुआ लाहन जब्त

**राजनांदगांव।** कलेक्टर जितेन्द्र यादव के निर्देशानुसार जिले में अवैध शराब विक्रेताओं के विरूद्ध लगातार कार्रवाई की जा रही है। प्रभारी सहायक आयुक्त आबकारी अभिषेक तिवारी ने बताया कि आबकारी विभाग द्वारा ग्राम बरनालाकला नाला के किनारे अज्ञात 80 लीटर हाथ भट्टी कच्ची महुआ शराब एवं 1000 किलोग्राम महुआ लाहन जब्त किया गया। कार्रवाई में आबकारी उप निरीक्षक वृत्त डोंगरगढ़ अनिल कुमार सिंह, आबकारी आरक्षक भोजराज बंजारे, मोहनराव, अश्विनी शुक्ला, रोहित, लोकेश शामिल थे। जिले में अवैध मदिरा विक्रय की रोकथाम के लिए होटल, ढाबों एवं मदिरा दुकानों का लगातार निरीक्षण किया जा रहा है। सभी वृत्त प्रभारियों को होटल, ढाबों की नियमित जांच करने एवं अवैध मदिरा विक्रय के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं।

### महिलाओं में स्ट्रेंस हटाने आराम कलेक्टिव कार्यक्रम

**राजनांदगांव।** घर-परिवार संभालने वाली महिलाओं से लेकर नौकरी पेशा महिलाओं में बढ़ते तनाव व चिड़चिड़ापन जैसी समस्याओं को कस्तूरबा में




आराम कलेक्टिव का आयोजन किया गया। महिलाओं में बढ़ती समस्याओं के निदान के लिए कस्तूरबा में काउंसिल साइकोलाजिस्ट अदिति रावत एवं लास्या मंगलम पल्ली ने आराम कलेक्टिव का लाभ लेने उपस्थित बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित थी, जिन्हें विभिन्न प्रकार के तनावरोधक उपाय बताकर उन्हें राहत पहुंचाने का कार्य किया। कस्तूरबा की संरक्षिका शारदा तिवारी की उपस्थिति में महिलाएं काउंसिल साइकोलाजिस्ट लास्या व अदिति को अपनी परेशानियां बताई। जिसके निदान के लिए दोनों साइकोलॉजिस्ट ने उन्हें मेडिटेशन, ध्यान-योग, प्राणायाम करने की विधि बताई और इन माध्यमों से लोगों के जीवन में ठहराव कैसे लाया जा सकता है, इसे सलीके से समझाया गया।इस अवसर पर टीना खंडेलवाल, निशा गुप्ता, रेखा लाल, राधा तिवारी, भगवती खंडेलवाल सहित कस्तूरबा विद्यालय की महिला, शिक्षिकाएं व प्राचार्य प्रवीण गुप्ता सहित व्यवस्थापक सीतारमण वैष्णव की उपस्थिति बनी रही। उक्ताशय की जानकारी कस्तूरबा की आशा गुप्ता द्वारा दी गई।

### 10 पीड़ित परिजनों को आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत

**राजनांदगांव।** राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग से प्राप्त दिशा-निर्देश के तहत कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने आरबीसी 6-4 अंतर्गत जिले के 10 पीड़ित परिजनों को कुल 40 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत प्रदान की गई है।

### परामर्श जागरूकता कार्यक्रम

**राजनांदगांव।** कॉन्फ्लुएंस कॉलेज की महिला प्रकोष्ठ (वूमेन सेल) एवं जिला स्तरीय विशाखा समिति राजनांदगांव के संयुक्त तत्वावधान में "मानसिक स्वास्थ्य संवर्धन एवं परामर्श जागरूकता कार्यक्रम" का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं में मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना, भावनात्मक संतुलन को प्रोत्साहित करना तथा परामर्श और महिला सुरक्षा तंत्र की जानकारी प्रदान करना था। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विशाखा समिति की अध्यक्ष अधिवक्ता शारदा तिवारी ने कहा कि "मानसिक रूप से सशक्त महिला ही अपने अधिकारों की रक्षा कर सकती है।

कानूनी जागरूकता और संस्थागत सहयोग, सुरक्षित एवं सम्मानजनक वातावरण की आधारशिला है।" समिति की सदस्य कुसुम दुबे ने कहा कि "प्रत्येक छात्रा को अपने अधिकारों और शिकायत निवारण प्रणाली की जानकारी होना आवश्यक है। गरिमा और सम्मान बनाए रखना हम सभी की जिम्मेदारी है।" प्राचार्य डॉ. रचना पांडेय ने कहा कि "छात्राओं का मानसिक स्वास्थ्य हमारे लिए सर्वोच्च प्राथमिकता है। महिला प्रकोष्ठ एवं आंतरिक सहायता तंत्र छात्राओं को सुरक्षित और सहयोगपूर्ण वातावरण प्रदान करने के लिए सदैव तत्पर है।" कार्यक्रम से छात्राओं में मानसिक स्वास्थ्य, महिला अधिकारों एवं संस्थान में उपलब्ध सहायता तंत्र के प्रति जागरूकता बढ़ी तथा उनमें आत्मविश्वास और भावनात्मक दृढ़ता का विकास हुआ। कार्यक्रम में संयोजक प्रीति इंदोरकर, एनएसएस प्रभारी विजय मानिकपुरी सहित महाविद्यालय के अन्य प्राध्यापक एवं स्टाफ सदस्य एवं अतिथिगण उपस्थित रहे। अंत में धन्यवाद ज्ञापन के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

## शहर कांग्रेस ने घेरा डाकघर, जमकर नारेबाजी

# पोस्ट आफिस के दो ब्रांच को दूसरे जिले स्थानांतरित करने का विरोध

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर में संचालित पोस्ट ऑफिस की दो शाखाओं को बंद करके कवर्धा जिले में भेजे जाने की तैयारी के बीच कांग्रेस ने इस मामले में विरोध प्रदर्शन करने आज पोस्ट ऑफिस का घेराव करते ज्ञापन सौंपा।

डाक विभाग द्वारा शहर के रामाधीन मार्ग और गंज मंडी में संचालित अपनी दोनों शाखाओं को यहां से बंद कर दूसरे जिले में भेजा जा रहा है। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने विरोध प्रदर्शन करते फ्लाई ओवर के नीचे एकत्रित हुए और यहां से पोस्ट ऑफिस का घेराव करने पहुंचे। कांग्रेस ने इस मामले में विरोध प्रदर्शन करते पोस्ट ऑफिस के ब्रांच को बंद किए जाने भाजपा सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

### तालाबंदी की चेतावनी

अपने प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस ने चेतावनी देते कहा कि पोस्ट ऑफिस की इन शाखाओं को यथावत रखा जाए अन्यथा ठोस कार्रवाई नहीं होने पर पोस्ट ऑफिस के सामने धरना प्रदर्शन और यहां तालाबंदी किया जाएगा।



### शहर में 4 शाखा, 2 होगी बंद

शहर में पोस्ट ऑफिस की 4 शाखा है। जिसमें न्यायालय परिसर, कलेक्टोरेट कार्यालय, रामाधीन मार्ग और गंज मंडी में ब्रांच संचालित है। जिसमें से रामाधीन मार्ग और गंज मंडी की ब्रांच को बंद किया जा रहा है। जिसको लेकर पहले भी पोस्ट ऑफिस के खाताधारक और एजेंटों द्वारा प्रदर्शन करते शाखा को नहीं बंद करने की मांग की गई थी।

### खाताधारकों को होगी समस्या

शहर कांग्रेस अध्यक्ष जितेंद्र मुदलियार ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की ट्रिपल इंजन सरकार में जब सांसद, विधायक और महापौर भाजपा के हैं तो यहां पोस्ट ऑफिस की शाखाओं को दूसरे जिले में ले जाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि शहर के गंज मंडी में गुरू घासीदास बाबा के नाम पर संचालित पोस्ट ऑफिस की शाखा को दूसरे जिले में स्थानांतरित करने से किसानों और इस क्षेत्र के खाताधारकों को काफी समस्या होगी। उन्होंने कहा कि इन शाखाओं में करोड़ों रुपए का लेनदेन होता है। इसके बावजूद इसे यहां से बंद कर दूसरे जिले में भेजा जा रहा है। उन्होंने कहा कि जो सुविधा यहां के लोगों को मिलना चाहिए, उसे खत्म करने का काम किया जा रहा है।

### बैरिकेड लांघकर पहुंचे कांग्रेसी

इधर कांग्रेसियों द्वारा प्रदर्शन किए जाने को लेकर पुलिस ने पोस्ट ऑफिस के दोनों द्वार पर स्टॉपर लगाकर बैरिकेडिंग कर दिया था। इसके बावजूद कांग्रेसी कार्यकर्ता बैरिकेड लांघकर पोस्ट ऑफिस के मुख्य द्वार तक पहुंचने में सफल रहे। इस दौरान कांग्रेस के वरिष्ठ नेता श्रीकिशन खंडेलवाल, रमेश राठौर, शारदा तिवारी, इकरामुद्दीन सोलंकी, मामराज अग्रवाल, रूपेश दुबे, अशोक पंजवानी, प्रेम रूचंदानी, युवराज डिहरे, चंपू गुप्ता, सूर्यकांत जैन, अमित खंडेलवाल, प्रज्ञा गुप्ता, मेहुल मारू, गुरभेज माखीजा, गणेश पवार, सुरेंद्र देवांगन, शैलेश ठावरे, हरिनारायण धकेता सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल हुए।

## महक नरवासे का सेंट्रल जोन में चयन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

बीसीसीआई द्वारा आयोजित अंतरराज्यीय सीनियर महिला वनडे चैंपियनशिप में छत्तीसगढ़ की टीम ने



- जिला क्रिकेट एसोसिएशन के लिए गौरव का क्षण

इतिहास रचते पहली बार सेमीफाइनल में प्रवेश किया है। इस ऐतिहासिक सफलता के साथ ही जिला क्रिकेट एसोसिएशन राजनांदगांव की होनहार खिलाड़ी महक नरवासे का चयन सेंट्रल जोन की टीम में दूसरी बार हुआ है। जिससे जिले में हर्ष का वातावरण है। हाल ही में भारतीय महिला क्रिकेट टीम की पूर्व अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी झूलन गोस्वामी ने महक नरवासे से मुलाकात कर उनके उत्कृष्ट खेल की सराहना की और शुभकामनाएं दी।

### जिले के लिए गर्व का विषय

जिला क्रिकेट एसोसिएशन के प्रवक्ता लक्ष्मण लोहिया ने बताया कि यह उपलब्धि जिलेभर के लिए सम्मान की बात है और भविष्य में भी खिलाड़ी बेहतर प्रदर्शन कर प्रदेश और देश का नाम रोशन करेंगी। जिला क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष सुशील कोठारी व सचिव योगेश बागड़ी ने कहा कि महक नरवासे की यह उपलब्धि बताती है कि छोटे शहरों की बेटियां भी यदि समर्पण और मेहनत से आगे बढ़े तो राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बना सकती है।

### सातों लीग मैच जीतकर बनाया रिकॉर्ड

छत्तीसगढ़ प्रदेश क्रिकेट संघ की महिला टीम ने अपने सभी सातों लीग मुकाबले जीतकर शानदार प्रदर्शन किया। ग्रुप में शीर्ष स्थान प्राप्त करने के बाद टीम ने नॉकआउट राउंड में मुंबई जैसी मजबूत टीम को पराजित कर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। 26 तारीख को टीम सेमीफाइनल मुकाबला खेलेगी। लीग मैचों में राजनांदगांव की महक नरवासे, नेहा बड़वाईक एवं कुमुद साहू ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते टीम की सफलता में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

### ऑलराउंड प्रदर्शन का मिला

राजनांदगांव की जूनियर महिला खिलाड़ी महक नरवासे के प्रभावशाली ऑलराउंड प्रदर्शन को देखते बीसीसीआई ने उन्हें लगातार दूसरी बार सेंट्रल जोन की टीम के लिए चुना है। आगामी माह देश के पांचों जोन की टीमें वनडे क्रिकेट प्रतियोगिता की प्रतिष्ठित ट्रॉफी के लिए आमने-सामने होगी। छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ की कप्तान कीर्ति गुप्ता भी महक नरवासे के साथ सेंट्रल जोन टीम में शामिल की गई है।

### फागुन महोत्सव 27 से

**डोंगरगढ़।** मां बम्लेश्वरी की नगरी में आगामी 27 फरवरी से दो दिवसीय श्री श्याम फागुन महोत्सव एवं भव्य निशान यात्रा का आयोजन रखा गया है। श्री श्याम परिवार मित्र मंडल द्वारा आयोजित यह कार्यक्रम श्याम रिजॉर्ट में संपन्न होगा। आयोजन की तैयारियां जोर-शोर से की जा रही है। आयोजन समिति के सदस्य मयूर अग्रवाल ने बताया कि 27 फरवरी को सुबह 4 बजे श्याम प्रेमी मुकेश भूत के निवास से बाबा श्याम की निशान यात्रा निकाली जाएगी। शोभायात्रा नगर भ्रमण करते हुए पुनः मुकेश भूत के निवास पहुंचकर संपन्न होगी। दूसरे दिन 28 फरवरी को सुबह से भगवान खाटू श्याम का पूजन-अर्चन, धोक पूजा एवं आरती का आयोजन होगा।

## कलेक्टर ने जनदर्शन में सुनी नागरिकों की समस्याएं

**राजनांदगांव।** कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक जनदर्शन में जिले के विभिन्न स्थानों से आए जनसामान्य की शिकायत एवं समस्याओं को गंभीरता से सुना। कलेक्टर श्री यादव ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को प्राप्त सभी आवेदनों को प्राथमिकता के साथ त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने नागरिकों की समस्याओं का नियमानुसार निराकरण करते उन्हें शासन की विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित करने कहा। आवेदनों का अवलोकन कर नियमानुसार पात्र हितग्राहियों को शासकीय योजनाओं से लाभान्वित करने निर्देश दिए। कलेक्टर ने अधिकारियों से कहा कि जनमानस उम्मीद लेकर जनदर्शन में आते है। उनकी समस्याओं को प्राथमिकता देते समाधान शीघ्र करें। जनदर्शन में प्रधानमंत्री



आवास योजना से लाभान्वित करने, अतिक्रमण हटाने, सीमांकन, नजूल से संबंधित, छात्रवृत्ति, पेंशन, आयुष्मान कार्ड बनवाने, राजस्व रिकार्ड दुरूस्त कराने सहित विभिन्न शासकीय योजनाओं से लाभ दिलाने जैसे आवेदन प्राप्त हुए।

कलेक्टर ने जनदर्शन में प्राप्त आवेदनों का प्राथमिकता के साथ निराकरण के लिए निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ सुरूचि सिंह, अपर कलेक्टर सीएल मारकण्डेय, अपर कलेक्टर प्रेमप्रकाश शर्मा, नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## मनरेगा स्थल पर ग्रामीण पालकों को किया जागरूक



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

डोंगरगांव विकासखंड के ग्राम पंचायत आरी में मनरेगा कार्यस्थल पर पहुंचकर राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई के स्वयंसेवकों द्वारा ग्रामीण पालकों के लिए विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत नुक्कड़ नाटक एवं सार्वजनिक संवाद के माध्यम से ग्रामीण पालकों एवं किशोर-किशोरियों को विभिन्न सामाजिक एवं पारिवारिक विषयों पर जागरूक किया गया।

अच्छे पालक की साझा जिम्मेदारी एवं सकारात्मक पालन-पोषण, किशोरों का समुचित पोषण एवं शारीरिक आत्मविश्वास, बाल विवाह मुक्त अभियान के अंतर्गत बाल विवाह की रोकथाम, साइबर अपराध से बचाव एवं सुरक्षित डिजिटल व्यवहार, रूप नहीं, गुण और पढ़ाई का कोना के माध्यम से बच्चों में आंतरिक प्रतिभा, शिक्षा एवं संस्कार को प्राथमिकता देने का संदेश दिया गया। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से स्वयंसेवकों ने सरल, प्रभावी एवं संवादात्मक शैली में संदेश प्रस्तुत किए। कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों को बाल विवाह के दुष्परिणाम, संतुलित पोषण के महत्व, साइबर अपराध से सतर्क रहने के उपाय तथा बच्चों में बाहरी रूप-रंग के बजाय गुण, शिक्षा और संस्कार को प्राथमिकता देने की आवश्यकता के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीण पालक उपस्थित थे।

### बच्चों के साथ पालक भी रहे शामिल

## एनबीआईएस बोरी में मना ग्रेजुएशन सेरेमनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

नीरज बाजपेयी इंटरनेशनल स्कूल बोरी में शिक्षा सत्र 2025-26 में अध्ययनरत केजी-टू के बच्चों का ग्रेजुएशन सेरेमनी बड़े ही उत्साह के साथ आयोजित किया गया। इस सेरेमनी में केजी-टू के बच्चों के पालकों को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया। पालकों की उपस्थिति में समारोह की भव्यता और भी अधिक विस्मरणीय रही।

समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि संस्था के डायरेक्टर नीरज बाजपेयी व सोनल बाजपेयी द्वारा मां सरस्वती के तैलचित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्जवलन कर किया गया। तत्पश्चात केजी-टू के छात्रों का सभाकक्ष में प्रवेश कराया गया। शाला द्वारा बच्चों को ग्रेजुएशन सेरेमनी के लिए विशेष रूप से अलग वस्त्रों से तैयार किया गया था। जिससे पालकों की प्रसन्नता देखते बनती थी। प्रवेश पश्चात छात्रों द्वारा सुमधुर समूह गीत के साथ अनेक संस्कारित सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति सभी के समक्ष किया गया, जिसे उपस्थितजनों ने खूब सराहा। बच्चों की प्रस्तुति के बाद बच्चों की आगामी कक्षा पहली की पुस्तिकाओं का संक्षिप्त परिचय पालकों व बच्चों से कराया गया।




### बच्चों को गढ़ना आसान नहीं: नीरज

समारोह में संस्था के डायरेक्टर नीरज बाजपेयी द्वारा अभिभावकों का अभिवादन करते कहा कि बच्चों को गढ़ना आसान नहीं होता। बच्चे गिली मिट्टी की तरह होते है, जिसे जैसा गढ़ों, वो वैसा ही बनते हैं। एक शिक्षक होने के नाते हमारी यह जिम्मेदारी है कि हम न केवल बच्चों को किताबी ज्ञान अपितु व्यावहारिक ज्ञान के साथ ही, संस्कार भी अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराएं, ताकि छात्र अपने नैतिक मूल्यों का सही दिशा में निर्वहन करते रहे। श्री बाजपेयी द्वारा सभी केजी-टू के बच्चों को आशीर्वाद देते आगामी कक्षा के प्रवेश पर शुभकामनाएं प्रेषित किए। शाला द्वारा केजी-टू के सभी छात्रों को प्रमाण पत्र के साथ ही सुंदर चित्रों से सुसज्जित फोटो, याद स्वरूप दी गई। यह पल पालकों के साथ ही प्री प्राइमरी के शिक्षकों के लिए भावुक करने वाला था। प्राचार्य एकता गांधी द्वारा उपस्थितजनों का आभार व्यक्त किया गया। इस अवसर पर एडमिन नितिन चौहान, शिक्षक, छात्र व पालक उपस्थित रहे।

### तहसीलदारों एवं नायब तहसीलदारों की नवीन पदस्थापना

**राजनांदगांव।** कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने प्रशासनिक दृष्टिकोण से जिले में पदस्थ तहसीलदारों एवं नायब तहसीलदारों की अस्थायी रूप से आगामी आदेश पर्यन्त तक नवीन पदस्थापना की है। इसके तहत तहसीलदार तहसील कार्यालय कुमरदा आकांक्षा साहू को तहसील कार्यालय छुरिया, तहसीलदार तहसील कार्यालय छुरिया विजय कुमार कोठारी को तहसील कार्यालय कुमरदा, नायब तहसीलदार तहसील कार्यालय राजनांदगांव गंगाधर राव को तहसील कार्यालय छुरिया, नायब तहसीलदार तहसील कार्यालय घुमका रामलखन चौहान को तहसील कार्यालय राजनांदगांव, नायब तहसीलदार तहसील कार्यालय छुरिया अब्दुल वसीम सिद्दीकी को तहसील कार्यालय घुमका आगामी आदेश पर्यन्त तक पदस्थ किया गया है।









**बजट प्रतिक्रिया :** सत्ता पक्ष और विपक्ष ने दी मिली-जुली प्रतिक्रियाएं

# भाजपा समर्थकों ने बजट को विकास का रोडमैप बताया, कांग्रेस नेताओं ने बजट पर असंतोष जताया

हरिभूमि न्यूज ⏩कवर्धा

छत्तीसगढ़ विधानसभा में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के मार्गदर्शन में वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने डबल इंजन भाजपा सरकार के तीसरे कार्यकाल का बजट प्रस्तुत किया। बजट पेश होते ही सदन में सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच तीखी प्रतिक्रियाएं देखने को मिलीं। वित्त मंत्री ने अपने बजट भाषण में प्रदेश के सर्वांगीण विकास, अधोसंरचना विस्तार, कृषि उन्नयन, महिला सशक्तिकरण, युवाओं के रोजगार और शिक्षा-स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने पर विशेष जोर दिया। सरकार ने ग्रामीण सड़कों के निर्माण, सिंचाई परियोजनाओं के विस्तार, औद्योगिक निवेश को बढ़ावा देने तथा नई रोजगारपरक योजनाओं की घोषणा की। साथ ही किसानों के लिए समर्थन मूल्य, बोनस और आधुनिक खेती को प्रोत्साहन देने की बात कही गई। भाजपा कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने बजट को विकास का रोडमैप बताते हुए मुख्यमंत्री और वित्त मंत्री की सराहना की। उनका कहना है कि यह बजट प्रदेश को आत्मनिर्भर और आर्थिक रूप से मजबूत बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। पार्टी पदाधिकारियों ने इसे जनहितकारी बताते हुए कहा कि डबल इंजन सरकार केंद्र और राज्य के समन्वय से तेजी से विकास कार्यों को आगे बढ़ाएगी।

वहीं कांग्रेस नेताओं ने बजट पर असंतोष जताते हुए इसे घोषणाओं तक सीमित बताया। उनका आरोप है कि आम जनता, बेरोजगार युवाओं और महंगाई से जूझ रहे वर्गों को ठोस राहत नहीं दी गई। विपक्ष ने यह भी कहा कि पिछले वादों की स्थिति स्पष्ट किए बिना नई घोषणाएं करना व्यावहारिक नहीं है।कुल मिलाकर बजट को लेकर प्रदेश की राजनीति में गर्माहट बनी हुई है। सत्ता पक्ष इसे विकास का दस्तावेज बता रहा है, जबकि विपक्ष सवाल उठा रहा है। आने वाले समय में इन घोषणाओं के क्रियान्वयन पर ही बजट की वास्तविक सफलता निर्भर।

## बजट में विकसित छत्तीसगढ़ की तैयार की गई है रूपरेखा, ऐतिहासिक एवं सर्वसमावेशी बजटः संतोष पांडेय

भाजपा के प्रदेश मुख्य प्रवक्ता एवं सांसद संतोष पांडेय ने प्रदेश की विष्णुदेव साय सरकार के नए विधानसभा भवन में प्रस्तुत तीसरे बजट को ऐतिहासिक एवं



सर्वसमावेशी बताते हुए कहा कि प्रदेश सरकार के इस बजट मे विकसित छत्तीसगढ़ की रूपरेखा तैयार की गई है। श्री पाण्डेय ने कहा कि इस बजट में बस्तर से लेकर सरगुजा तक सरकार ने दिल खोलकर प्रावधान रखा है। किसान, युवा, महिला सभी को इस बजट का लाभ मिलेगा। प्रदेश की 3 करोड़ जनता के हितों को ध्यान में रखकर यह बजट प्रस्तुत किया गया है। छत्तीसगढ़ का यह बजट सामाजिक न्याय और आर्थिक विकास के बीच संतुलन स्थापित करेगा। जहां एक ओर महतारी वंदन और रानी दुर्गावती योजना से महिलाओं और बच्चियों का भविष्य सुरक्षित करने का प्रयास है, वहीं युवाओं के लिए उद्यम क्रांति जैसे कदम राज्य में स्टार्टअप इकोसिस्टम को मजबूती प्रदान करेंगे।

## संकल्प के साथ आगे बढ़ता छत्तीसगढ़, जनकल्याण और विकास का बजटः चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी

नपाध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी ने छत्तीसगढ़ शासन द्वारा प्रस्तुत बजट वर्ष 2026-27 पर अपनी विस्तृत प्रतिक्रिया देते हुए इसे विकासोन्मुखी,



जनकल्याणकारी एवं संतुलित बजट बताया है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ की मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सरकार के वित्त मंत्री ओपी चौधरी द्वारा प्रस्तुत यह बजट प्रदेश के हर वर्ग, किसान, युवा, महिला, व्यापारी एवं शहरी-ग्रामीण नागरिकों की अपेक्षाओं पर खरा उतरने वाला है। उन्होने कहा कि संकल्प थीम पर आधारित छत्तीसगढ़ का बजट वर्ष 2026-27 प्रदेश के समग्र एवं सतत विकास का स्पष्ट रोडमैप प्रस्तुत करता है यह बजट केवल आय-व्यय का दस्तावेज नहीं, बल्कि प्रदेश के भविष्य निर्माण का दृढ़ संकल्प है।

## बजट में किसानों, बेरोजगार भाइयों और आम लोगों के लिए कुछ भी नहीः नवीन जायसवाल



मोह माया वाला बजट है। बजट का नाम है संकल्प है पर इसमें राज्य के लिए कोई संकल्प नही लिया गया है। बजट में किसानों, बेरोजगार भाइयों और आम लोगों के लिए कुछ भी नही है, पिछले बजट के कामों का पूरा होने का उल्लेख नही है। ये कहते हैं-2047 का रोड मैप है पर अभी तो 2026 चल रहा है, बात तो 2026 की करनी चाहिए न कि 2047 की। लगता है दिल्ली से बनकर आता है छत्तीसगढ़ का बजट, कवर्धा जिले के लिए झुनझुना वाला बजट है ये सरकार।

## छत्तीसगढ़ बजट 2026-27 किसानों और युवाओं के साथ छलः तुकाराम चंद्रवंशी

युवा कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष तुकाराम चंद्रवंशी ने आज विधानसभा में वित्त मंत्री ओम प्रकाश चौधरी द्वारा प्रस्तुत छत्तीसगढ़ बजट 2026-27 को



प्रदेश के किसानों, शिक्षित बेरोजगार युवाओं और आम जनता के हितों के खिलाफ बताया है। श्री चंद्रवंशी ने कहा कि इस बजट में किसानों के लिए वास्तविक आर्थिक राहत का अभाव साफ दिखाई देता है। सरकार ने किसानों की आय दोगुनी करने का वादा तो किया, लेकिन इसके लिए कोई ठोस नीति, स्पष्ट कार्ययोजना या समयसीमा निर्धारित नहीं की गई। बढ़ती लागत, खाद-बीज के दाम और समर्थन मूल्य जैसे मुद्दों पर भी बजट मौन है, जिससे किसानों में निराशा है।

## ऐतिहासिक संकल्प बजट से युवाओं को नई उड़ान, रोजगार और अवसरों की बरसातः उमंग पांडेय

युवाओं के उज्ज्वल भविष्य की दिशा में प्रस्तुत संकल्प बजट को



ऐतिहासिक बताते हुए जिलाध्यक्ष भाजयुमो उमंग पांडेय ने राज्य सरकार का आभार व्यक्त किया है। इस बजट सत्र में प्रदेश के मुख्यमंत्री के नेतृत्व में वित्त मंत्री द्वारा प्रस्तुत बजट में युवाओं के सर्वांगीण विकास हेतु अनेक महत्वपूर्ण घोषणाएं की गई हैं। यह बजट शिक्षा, रोजगार, कौशल विकास एवं स्वरोजगार के माध्यम से युवाओं को सशक्त बनाने की दिशा में एक प्रभावी पहल है। पंडरिया में नालंदा परिसर की स्थापना से प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे युवाओं को बेहतर संसाधन उपलब्ध होंगे। इससे गांव, गरीब और मजदूर परिवारों के बच्चों के सपनों को नई उड़ान मिलेगी।

## सुशासन की भावना के अनुरूप यह बजट प्रदेश को समृद्धि और प्रगति की नई दिशाःरामकुमार भट्ट

समावेशी, सर्वस्पर्शी, सर्वव्यापी और सर्वहितकारी विकास की दिशा में सुशासन सरकार द्वारा प्रस्तुत बजट एक सशक्त और दूरदर्शी कदम है। यह



बजट केवल आंकड़ों का दस्तावेज नहीं, बल्कि समाज के हर वर्ग के जीवन स्तर को बेहतर बनाने का संकल्प है। विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं, आधारभूत संरचना के विस्तार, कृषि, शिक्षा, स्वास्थ्य और ग्रामीण विकास के लिए किए गए प्रावधान यह सुनिश्चित करते हैं कि विकास की धारा अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे। यह बजट युवाओं, किसानों, महिलाओं और वंचित वर्गों के लिए नए अवसरों का सृजन कर आत्मनिर्भरता को मजबूती देगा। सुशासन की भावना के अनुरूप यह बजट प्रदेश को समृद्धि और प्रगति की नई दिशा प्रदान करेगा।

## छत्तीसगढ़ का बजट घोर निराशाजन रही हैः श्रीमती सीमा अनंत

महिलाओं, युवाओं, किसान, मजदुर ग्रामीण अर्थव्यवस्था की उपेक्षा साफ दिख



रहा हैं। महिलाओं के सशक्तिकरण, रोजगार, सुरक्षा के लिए कोई नीति नहीं है, युवा रोजगार के लिए भटक रहे है, पर नई भर्ती का उल्लेख नहीं न ही रोजगार सृजन का कोई आधार दिख रहा है। कृषि और ग्रामीण अर्थव्यवस्था के विकाश के लिए कोई प्रावधान नहीं, यहां तक रोजगार गारंटी योजना जिसे मोदी सरकार नए नाम वीबी जी राम जी के नाम से लाई हैं और राज्यांश 40 प्रतिशत रहेगा कहा गया है, छत्तीसगढ़ सरकार बजट में इसके लिए कोई राशि नहीं दिया है इसका मतलब मनरेगा भी बंद होता दिख रहा। कुल मिलाकर आज का बजट संकल्प नहीं शक का बजट है।

## संकल्प आधारित बजट पूर्व के ज्ञान और गति आधारित बजट के अनुरूप सिर्फ ढकोसला साबित होगाः रवि चन्द्रवंशी



छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार द्वारा आज का बजट पूर्ण रूप से निरंकुशता को दर्शाता है,किसान महिला युवा मजदूर, ग्रामीण विकास को पीछे रखकर उद्योगपतियो को बढ़ावा देने वाला बजट है, जिस संकल्प को आधार बनाकर छत्तीसगढ़ को आगे बढ़ाने का भाजपा सोच रही है वह सिर्फ और सिर्फ ढकोसला साबित होगा। इससे पहले जो ज्ञान और गति आधारित बजट था वह पूर्ण रूप से असफल साबित हुआ है।

## भाजपा सरकार के बजट में फिर ठगे गए प्रदेशवासी और बेरोजगार युवाः चोवाराम साहू

पूर्व मण्डी उपाध्यक्ष एवं कांग्रेस के युवा नेता चोवाराम साहू ने भाजपा सरकार



द्वारा प्रस्तुत बजट पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि भाजपा सरकार ने हर बार की तरह इस बार भी प्रदेशवासियों और युवाओं को ठगने का कार्य किया है। सरकार ने इस बार भी डोंगरगढ़-कवर्धा होते हुए उसलापुर रेल लाईन को बजट में हांसिए पर रख दिया है। सरकार अपनी योजनाओं में बेराजगारों के लिए बेरोजगारी भत्ता योजना चालू रखने का दम भर रही है लेकिन बजट में इसके लिए कोई प्रावधान तथा घोषणा नहीं है। जिससे बेरोजगार अपने आपको ठगा सा महसूस कर रहे हैं। कुल मिलाकर सरकार का बजट सिर्फ छलावा है।

## जिले के लिए प्रस्तुत बजट अत्यंत निराशाजनकः आकाश केशरवानी



कबीरधाम जिले के लिए प्रस्तुत बजट अत्यंत निराशाजनक है। जिले को किसी भी प्रकार की बड़ी विकास परियोजना नहीं दी गई है, जबकि वर्षों से रेल सुविधा शुरू करने का वादा किया जाता रहा है। बजट में इस दिशा में कोई ठोस प्रावधान नजर नहीं आता, जिससे स्पष्ट है कि सरकार अपने ही वादों को पूरा करने में विफल रही है।

## सरकार का बजट प्रदेश के उज्ज्वल भविष्य की आधारशिला : डॉ वीरेन्द्र साहू

भाजपा के किसान मोर्चा के प्रवक्ता एवं जिला पंचायत सभापति डॉ वीरेन्द्र साहू ने छत्तीसगढ़ शासन द्वारा प्रस्तुत वर्ष 2026-27 के बजट का स्वागत करते हुए इसे प्रदेश



के समग्र विकास की दिशा में महत्वपूर्ण और दूरदर्शी कदम बताया है। उन्होंने कहा कि यह बजट गांव, गरीब, किसान और युवाओं की आकांक्षाओं को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है, जो प्रदेश के उज्ज्वल भविष्य की मजबूत आधारशिला साबित होगा। श्री साहू ने अपने बयान में कहा कि बजट में कृषि क्षेत्र को विशेष प्राथमिकता दी गई है। किसानों की आय बढ़ाने, सिंचाई सुविधाओं के विस्तार तथा ग्रामीण अधोसंरचना को सुदृढ़ करने के लिए महत्वपूर्ण प्रावधान किए गए हैं। इससे प्रदेश के किसानों को सीधा लाभ मिलेगा और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई गति प्राप्त होगी।

## कृषि, शिक्षा व युवा रोजगार एवं विकास की बजटः श्रवण गिरी गोस्वामी

मंहत श्रवण गिरी गोस्वामी ने कहा कि इस बजट में 206 गांवों को



शहर से जोड़ने की नयी योजना के अंतर्गत 250 करोड़ का प्रावधान, आयुष्मान योजना अंतर्गत होम्योपैथोलॉजी कॉलेज नया रायपुर, पंचायत एवं नगरीय क्षेत्र के विकास के लिए सीएम आदर्श शहर समृद्ध योजना 200 करोड़ का प्रावधान, घरेलू बिजली उपभोक्ता की राहत की प्रावधान दिया। शिक्षा के क्षेत्र में नवीन कॉलेज एवं नालंदा परिसर का प्रावधान, पीडब्ल्यूडी विभाग को नवीन सड़क निर्माण हेतु 9450 करोड़ का प्रावधान किया गया है।

## भाजपा सरकार का तीसरा बजट पूरी तरह निराशाजनकः ममता चंद्राकर

प्रदेश की भाजपा सरकार द्वारा प्रस्तुत यह तीसरा बजट है। पहले बजट को गति, दूसरे को ज्ञान और तीसरे को संकल्प का बजट बताया गया, लेकिन



धरातल पर यह बजट आम जनता, खासकर महिलाओं के लिए पूरी तरह निराशाजनक साबित हुआ है। ममता चंद्राकर ने कहा कि सरकार ने बड़े-बड़े दावे और आकर्षक शब्दों का सहारा लेकर बजट को प्रस्तुत किया है, लेकिन महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण, सुरक्षा, स्वास्थ्य, स्वरोजगार और शिक्षा से जुड़े ठोस एवं प्रभावी प्रावधानों का अभाव साफ दिखाई देता है। महिला स्व-सहायता समूहों, कामकाजी महिलाओं, छात्राओं और ग्रामीण महिलाओं के लिए कोई नई ठोस योजना या विशेष बजट प्रावधान नजर नहीं आता। उन्होंने कहा कि प्रदेश में महंगाई, बेरोजगारी और सामाजिक असुरक्षा की मार सबसे अधिक महिलाओं पर पड़ रही है, लेकिन बजट में इन ज्वलंत मुद्दों के समाधान की स्पष्ट रूपरेखा नहीं है। केवल घोषणाओं और संकल्पों से महिलाओं का वास्तविक विकास संभव नहीं है। राष्ट्रीय महिला कांग्रेस की ओर से उन्होंने मांग की कि सरकार महिला केंद्रित योजनाओं के लिए अलग से पर्याप्त बजट आवंटित करे तथा जमीनी स्तर पर उनके प्रभावी क्रियान्वयन की व्यवस्था सुनिश्चित करे। अन्यथा यह बजट संकल्प नहीं, बल्कि जनता की उम्मीदों के साथ समझौता साबित होगा।



## सशक्त मातृत्व की दिशा में बड़ा कदमः श्रीमती सतविंदर पाहुजा

छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा वित्तीय वर्ष 2026-27 के बजट में सक्षम आंगनबाड़ी एवं पोषण योजना के लिए 2,320 करोड़ का प्रावधान किया गया है। यह निर्णय प्रदेश के बच्चों, गर्भवती माताओं और धात्री महिलाओं के स्वास्थ्य एवं पोषण स्तर को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। इस बजट प्रावधान का मुख्य उद्देश्य आंगनबाड़ी केंद्रों को अधिक सशक्त, सुविधायुक्त और प्रभावी बनाना है, ताकि प्रारंभिक बाल्यावस्था में ही बच्चों को बेहतर पोषण, स्वास्थ्य जांच और शिक्षा की सुविधाएँ मिल सकें। योजना के अंतर्गत आंगनबाड़ी केंद्रों में आधारभूत संरचना का विकास, पोषाहार की गुणवत्ता में सुधार, डिजिटल मॉनिटरिंग व्यवस्था तथा कार्यकर्ताओं के प्रशिक्षण पर विशेष जोर दिया जाएगा।

## इस बजट में समाज के हर वर्ग की जरूरतों को प्राथमिकता दी गईः पदमराज टंडन

हरिभूमि न्यूज ⏩पंडरिया



छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा प्रस्तुत आम बजट राज्य के समग्र, संतुलित और समावेशी विकास की दिशा में एक मजबूत कदम है। इस बजट में समाज के हर वर्ग किसान, युवा, महिला और दूरस्थ अंचलों की जरूरतों को प्राथमिकता दी गई है। विशेष रूप से बेटियों के सशक्तिकरण हेतु 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने पर 1.50 लाख की आर्थिक सहायता देने की घोषणा एक दूरदर्शी और सराहनीय पहल है, जो शिक्षा,आत्मनिर्भरता और सामाजिक सुरक्षा को मजबूती देगी। स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने के लिए तीन नए मेडिकल कॉलेज खोलने की घोषणा भी अत्यंत महत्वपूर्ण है,जिससे चिकित्सा सुविधाओं का विस्तार होगा और स्थानीय युवाओं को मेडिकल शिक्षा के अवसर मिलेंगे।इसके साथ ही इन्फ्रास्ट्रक्चर, औद्योगिक विकास और रोजगार सृजन पर दिया गया जोर राज्य की अर्थव्यवस्था को गति देगा।

## छत्तीसगढ़ का बजट संकल्प से सिद्धि पर आधारितः भुनेश्वर

**हरिभूमि कवर्धा।** प्रदेश उपाध्यक्ष भाजपा किसान मोर्चा भुनेश्वर चन्द्राकर ने इस



बजट को सर्वहितैषी बताते हुए सरकार की सराहना की है इस बजट में राज्य के विष्णु देव सरकार की प्रसंशा करते हुए कहा कि यह बजट सभी वर्ग को ध्यान में रख कर लिया गया ऐतिहासिक बजट है, साथ ही प्रदेश के अप मुख्यमंत्री अरुण साव, व विजय शर्मा सहित वित्त मंत्री ओपी चौधरी एवं कैबिनेट के सभी मंत्री मंडल एवं विधायक की भी सराहना की।

## युवाओं के लिए बेरोजगारी भत्ता और नौकरी के प्रावधान की अनदेखी की गईः घनश्याम साहू

**हरिभूमि पंडरिया।** छत्तीसगढ़ बजट सत्र 2026-27 को लेकर ब्लॉक अध्यक्ष



कांग्रेस कमेटी पंडरिया के अध्यक्ष घनश्याम साहू ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि यह बजट सत्र दो घंटे तक चला, लेकिन इसमें युवाओं के लिए बेरोजगारी भत्ता और नौकरी के प्रावधान की अनदेखी की गई है। साथ ही किसानों के साथ छलावा करने का प्रयास किया गया है। उन्होने कहा कि यह बजट राज्य के विकास के लिए नहीं, बल्कि सिर्फ दिखावे के लिए बनाया गया है।

## सारंगपुर खुर्द के हितग्राहियों की मांग, गांव में ही मिले राशन सुविधा



**हरिभूमि बरबसपुर।** विकासखंड कवर्धा अंतर्गत ग्राम पंचायत जमुनिया के आश्रित ग्राम सारंगपुर खुर्द में लंबे समय से बुनियादी समस्याएं बनी हुई हैं। यहां के राशन कार्डधारी हितग्राहियों को आज भी राशन प्राप्त करने के लिए ग्राम पंचायत मुख्यालय तक लंबी दूरी तय करनी पड़ती है। ग्रामीणों के अनुसार आने-जाने में लम्बी दूरी तय करनी पड़ती है, जिससे समय और आर्थिक दोनों प्रकार की परेशानियां उठानी पड़ रही हैं। विशेषकर बुजुर्ग, महिलाएं और गरीब परिवारों के लिए यह दूरी और भी अधिक कठिनाई पैदा करती है। ग्रामीणों ने मांग की है कि सारंगपुर खुर्द में ही राशन वितरण केंद्र की व्यवस्था की जाए, ताकि हितग्राहियों को लंबी दूरी तय न करनी पड़े और उन्हें समय पर शासकीय योजना का लाभ मिल सके। ग्रामीणों का कहना है कि यदि गांव में ही राशन उपलब्ध कराया जाए तो गरीब परिवारों को राहत मिलेगी और शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का सही क्रियान्वयन भी सुनिश्चित होगा। इस संबंध में ग्रामीणों ने ग्राम पंचायत, जनपद पंचायत एवं जिला पंचायत से मांग की है कि वे शीघ्र संज्ञान लेकर गांव की इस बुनियादी समस्या का समाधान करें।

## सैहामालगी में श्रीशिव महापुराण कथा सुनने उमड़ रही श्रद्धालुओं की भीड़




**हरिभूमि कोलेगांव।** धर्म धराधाम ग्राम सैहामालगी में सप्त दिवसीय श्री शिव महापुराण ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें कथा व्यास संत विकास आनंद महाराज ब्रह्मचारी (काशी) द्वारा श्रोता गण को मुखारविंद से भक्ति रस का आनंद करा रहे हैं। वहीं आयोजन रामजी चंद्रवंशी के सान्निध्य में संपन्न हो रहा है। जिसमें महाराज ने कथा प्रसंग में माता पार्वती जन्म की पावन कथा का वर्णन किया गया, सती के विरह में भगवान शंकर की व्यथा, सती का पुनर्जन्म लेकर हिमालय पुत्री पार्वती के रूप में अवतरण तथा देवर्षि नारद द्वारा शिव-पार्वती विवाह का संकेत इन प्रसंगों को भावपूर्ण शैली में प्रस्तुत किया गया। उन्होने बताया कि सती ने शरीर त्यागते समय संकल्प लिया था कि वे हिमालय के यहां जन्म लेकर पुनः शिव की अर्धांगिनी बनेंगी। उचित समय पर वे मेनका के गर्भ से प्रकट हुईं और पार्वती कहलाईं। आगे चलकर देवताओं के आग्रह एवं पार्वती की कठोर भक्ति से शिव-पार्वती विवाह का मार्ग प्रशस्त हुआ। कथा श्रवण के लिए प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित हो रहे हैं और क्षेत्र में भक्ति का वातावरण निर्मित हो रहे है।

छत्तीसगढ़ की 25 वर्षों की विकास यात्रा को एक नई दिशा एवं गति देने वाला बजट

# छत्तीसगढ़ का बजट भाजपा सरकार द्वारा अन्त्योदय के संकल्प से सिद्धी की यात्रा को नई गति देगाः भावना

हरिभूमि न्यूज ⏩कवर्धा

छत्तीसगढ़ विधानसभा में मुख्यमंत्री विष्णु देव के मार्गदर्शन में वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने डबल इंजन



भाजपा सरकार के तीसरे कार्यकाल का बजट रखा। इस वर्ष बजट का मूल उद्देश्य संकल्प समावेशी विकास, अधोसंरचना, निवेश, कुशल मानव संसाधन, अंत्योदय, लाइवलीहुड और पॉलिसी से परिणाम तक रहा। अपने उद्देश्य के अनुरूप इस बजट में महिला, युवा, किसान, मध्यमवर्ग के हितों के साथ ही प्रदेश की आर्थिक प्रगति, शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि जैसे क्षेत्रों के भी विकास की झलक देखने को मिली। खासकर बस्तर एवं सरगुजा और आदिवासी बाहुल्य क्षेत्रों निवासरत परिवारों और वहां पर्यटन के विस्तार से लेकर स्थानीय निवासियों के सशक्तिकरण के लिए भी बजट में विशेष प्रावधान किए गए। इस अवसर पर पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने कहा कि छत्तीसगढ़ के विकास और जनता की आकांक्षाओं को पूरा करने के साथ ही विकसित छत्तीसगढ़ के निर्माण के संकल्प को गति देने हेतु विधानसभा में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में वित्त मंत्री ओपी चौधरी द्वारा प्रस्तुत बजट के लिए मुख्यमंत्री एवं वित्त मंत्री का आभार व्यक्त किया। यह बजट प्रदेश के सर्वांगीण विकास, जनकल्याण और आत्मनिर्भर छत्तीसगढ़ के संकल्प को साकार करने वाला दूरदर्शी एवं जनहितैषी बजट है। यह बजट प्रदेश की 3 करोड़ जनता की आकांक्षाओं और सपनों का प्रतिबिंब है। इस बजट में किसानों, युवाओं, महिलाओं, श्रमिकों, गरीब एवं मध्यम वर्ग के हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई है। कृषि एवं ग्रामीण विकास के लिए विशेष प्रावधान कर अन्नदाता को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने का कार्य किया गया है। साथ ही अधोसंरचना, सड़कों, सिंचाई, स्वास्थ्य और शिक्षा के क्षेत्र में ऐतिहासिक निवेश कर विकास की गति को और तेज करने का संकल्प लिया गया है। युवा शक्ति को रोजगार एवं स्वरोजगार के नए अवसर उपलब्ध कराने, उद्योगों को प्रोत्साहन देने तथा स्टार्टअप एवं कौशल विकास को बढ़ावा देने के लिए ठोस कदम उठाए गए हैं। महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और आत्मनिर्भरता के लिए भी अनेक महत्वपूर्ण योजनाओं का विस्तार किया गया है। यह बजट सामाजिक न्याय, सुशासन और पारदर्शिता के सिद्धांतों पर आधारित है। प्रदेश के दूरस्थ एवं वनांचल क्षेत्रों तक विकास की रोशनी पहुंचाने का स्पष्ट विजन इस बजट में दिखाई देता है। मुख्यमंत्री के नेतृत्व में प्रस्तुत यह बजट समृद्ध किसान, सशक्त युवा, सुरक्षित महिला और विकसित छत्तीसगढ़ के संकल्प को नई ऊर्जा प्रदान करेगा। उन्होंने बताया कि बजट में पंडरिया विधानसभा को अनेक सौगात मिली है।

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
जोड़ों, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003

Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic
Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर)
फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेज़र मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## कार्यवाही: कंटेनर के गुप्त चैंबर में छिपाकर राजस्थान ले जाया जा रहा था गांजा

# पांच करोड़ का नौ सौ किलोग्राम गांजा जब्त, एक तस्कर गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

मादक पदार्थ तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत कबीरधाम पुलिस ने मंगलवार को बड़ी सफलता हांसिल करते हुए जिले के सीमावर्ती थाना मुख्यालय चिल्फीघाटी से करीब 9 क्विंटल गांजा बरामद किया है जिसका बाजार मूल्य करीब 5 करोड़ रूपए आंका गया है। पुलिस ने इस मामले में जहां एक आरोपी को गिरफ्तार किया है वहीं गांजा तस्करी में प्रयुक्त करीब 50 लाख कीमत का नागालैंड पासिंग एक कंटेनर भी जप्त किया है। इस संबंध में पुलिस प्रशासन से मिली जानकारी के अनुसार उसे मंगलवार की सुबह मुखबिर के जरिए इस बात की सूचना मिली थी कि उड़ीसा से गांजा की बड़ी खेप एक नागालैंट पासिंग कंटेनर में भरकर कवर्धा कवर्धा होते हुए चिल्फी के रास्ते ले जाई जा रही है। इस सूचना पर तत्काल कार्यवाही करते हुए जिले की सीमावर्ती चिल्फीघाटी पुलिस ने नेशनल हाईवे 30 में बैरिकेटिंग पर संबंधित वाहन को रोक लिया और वाहन की तलाशी शुरू की। तलाशी के दौरान पुलिस के उस समय होश उड़ गए जब उसने कंटेनर में गुप्त चैम्बर बनाकर उसमें बड़ी मात्रा में छिपाकर रखे गए गांजा को देखा। पुलिस ने कंटेनर के गुप्त चैम्बर से 30-30 किलो की 30 बोरियों में भरा हुआ गांजा बरामद किया गया। कुल जब्त मादक पदार्थ का वजन करीब 9 क्विंटल (900 किलोग्राम) बताया जा रहा है। जिसका बाजार मूल्य करीब 5 करोड़ रूपए आंका गया है।



### उड़ीसा से लाई गई थी गांजा की खेप

पुलिस ने गांजा तस्करी के इस बड़े मामले में मौके से आरोपी आयाज खान निवासी भरतपुर, राजस्थान को गिरफ्तार किया है। प्रारंभिक पूछताछ में सामने आया है कि आरोपी यह खेप ओडिशा से राजस्थान ले जा रहा था। पुलिस आरोपी से विस्तृत पूछताछ कर तस्करी नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की जानकारी जुटाने में लगी है। इस बड़ी कार्रवाई को जिले में नशे के अवैध कारोबार के खिलाफ सख्त संदेश के रूप में देखा जा रहा है। एसपी धर्मेंद्र सिंह ने स्पष्ट किया है कि मादक पदार्थ तस्करी में संलिप्त किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। पुलिस ने प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।

# बजट में जिले को मिली कई बड़ी सौगातें



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में प्रस्तुत बजट में कबीरधाम जिले के विकास के लिए कई महत्वपूर्ण सौगाते मिली है। बजट में स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार, शिक्षा संसाधनों के विकास, पेयजल आपूर्ति, सड़क निर्माण और आधुनिक परिवहन सुविधाओं के लिए व्यापक प्रावधान किए गए हैं, जिससे जिले के समग्र विकास को नई गति मिलेगी। बजट प्रावधानों के तहत कुंडा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में उन्नयन किया जाएगा तथा मेडिकल कॉलेज कबीरधाम के संचालन के लिए आवश्यक सेटअप उपलब्ध कराया जाएगा। इससे जिले के दूरस्थ क्षेत्रों के लोगों को भी समय पर बेहतर स्वास्थ्य सेवाएँ मिल सकेंगी और गंभीर मरीजों को बाहर रेफर करने की आवश्यकता कम होगी। सड़क अधोसंरचना को मजबूत करने के लिए कवर्धा-खमरिया मार्ग के उन्नयन एवं चौड़ीकरण के लिए 23 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। वहीं प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत लोरमी-पंडरिया रोड से सिंघनपुरी तथा रवेली रोड से जरती तक सड़क निर्माण कार्य भी शामिल किया गया है, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों का संपर्क और अधिक सुदृढ़ होगा। शिक्षा के क्षेत्र में पंडरिया में नालंदा लाइब्रेरी का निर्माण किया जाएगा। इसके साथ ही नालंदा लाइब्रेरी में करियर काउंसलिंग केंद्र भी स्थापित होगा। इससे विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी, मार्गदर्शन और अध्ययन संसाधन एक ही स्थान पर उपलब्ध होंगे। पेयजल आपूर्ति के लिए भी बड़े स्तर पर प्रावधान किए गए हैं। सुतियापाठ जलाशय से ठाठापुर तक 54 गांवों में तथा भीरा छीरपानी जलाशय से 66 गांवों में पेयजल उपलब्ध कराने की योजना बनाई गई है। इससे ग्रामीण क्षेत्रों में लंबे समय से चली आ रही पानी की समस्या का स्थायी समाधान हो सकेगा। वरिष्ठ नागरिकों के लिए जिला मुख्यालय में "सियान गुड़ी" को डे-केयर सेंटर के रूप में विकसित किया जाएगा, जहाँ उन्हें स्वास्थ्य सुविधा, देखभाल और सामाजिक सहभागिता का अवसर मिलेगा। ड्राइविंग लाइसेंस प्रक्रिया को तकनीक आधारित बनाने के लिए कवर्धा में ऑटोमेटेड ड्राइविंग टेस्ट ट्रैक (ई-ट्रैक) स्थापित किया जाएगा। इससे ड्राइविंग टेस्ट अधिक पारदर्शी, तेज और मानकीकृत तरीके से हो सकेगा। कबीरधाम जिले के नागरिकों ने इन योजनाओं का स्वागत करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा तथा वित्त मंत्री ओपी चौधरी के इस पहल से जिले के समग्र विकास को नई गति मिलेगी और लोगों की जीवनशैली में बदलाव आएगा। उनका कहना है कि यह बजट जनता के हित में उठाया गया मजबूत कदम है, जिससे आने वाले समय में जिले की आर्थिक और सामाजिक स्थिति बेहतर होगी। बजट में किए गए काम हर वर्ग के लोगों को फायदा पहुंचाने वाले हैं और इससे आम नागरिकों का जीवन स्तर सुधरेगा। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में बजट में पूरे प्रदेश के साथ-साथ कबीरधाम जिले के लिए भी शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क सहित कई क्षेत्रों में महत्वपूर्ण योजनाओं की घोषणा की है। इससे जिले के विकास को बढ़ावा मिलेगा और लोगों को बेहतर सुविधाएँ मिलेंगी। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा और पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने आम लोगों की जरूरतों और जिले के विकास को ध्यान में रखते हुए मुख्यमंत्री से कई कार्यों की मंजूरी देने का अनुरोध किया था, जिन्हें अब इस बजट में शामिल कर लिया गया है।

## खबर संक्षेप

### पूर्व सेवा गणना पर कोई निर्णय नहीं: डॉ. रमेश



**कवर्धा।** छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन ने प्रदेश सरकार के बजट प्रस्तुतिकरण के दौरान शासकीय कर्मचारियों के लिए कैशलेश चिकित्सा सुविधा की घोषणा का स्वागत किया है। एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष डॉ. रमेश कुमार चन्द्रवंशी ने कहा कि इस सुविधा से कर्मचारियों को इलाज के दौरान नकदी की चिंता नहीं रहेगा। बजट में शिक्षकों के संविलियन से पहले की सेवा गणना, क्रमोन्नति के लिए अनुभव को दस साल से घटाकर पांच वर्ष करने, सहायक शिक्षकों की वेतन विसंगति एवं केंद्र के समान देय तिथि से मंहगाई भत्ते का अंतर राशि पर कोई निर्णय नही लेने से निराशा हुआ है, लेकिन हम नाउम्मीद नहीं है। हमे भरोसा है कि प्रदेश सरकार इस पर शीघ्र ही निर्णय लेंगे।

### नीट यूजी 2026 का आयोजन 3 मई को

**कवर्धा।** मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट यूजी 2026 का आयोजन 3 मई को होगा। इस संबंध में संबंधित विभाग से मिली जानकारी के अनुसार इसके लिए संबंधित अभ्यर्थी कर सकते हैं। विभाग के अनुसार ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया शुरू हो गई, जो 8 मार्च तक जारी रहेगी। इसके लिए नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) के वेबसाइट पर आवेदन किया जा सकता है। डिटेल दी गई है। मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट यूजी 2026 की परीक्षा को लेकर अन्य जानकारियां विभाग से प्राप्त की जा सकती है।

# वनांचल के परीक्षा केन्द्रों में उड़नदस्ता दल की दबिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा आयोजित हायर सेकेण्डरी स्कूल प्रमाण पत्र परीक्षा कक्षा बारहवीं परीक्षा के द्वितीय प्रश्नपत्र रसायन शास्त्र व राजनीतिक शास्त्र के लिए बोड़ला विकासखण्ड के विभिन्न वनांचल क्षेत्र के परीक्षा केन्द्रों का औचक निरीक्षण जिला स्तरीय उड़नदस्ता दल द्वारा किया गया। स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा गठित जिला स्तरीय उड़नदस्ता दल ने जिला शिक्षा अधिकारी एफआर वर्मा के नेतृत्व में उड़नदस्ता दल के सदस्यों एमआईएस प्रशासक सतीश कुमार यदु, अश्वनी सोनी, व्याख्याता एवं पीटीआई दिनेश कुमार साहू द्वारा संयुक्त रूप से परीक्षा केंद्र शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय झलमला जंगल, समनापुर जं, उसरवाही एवं शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रेंगाखार जंगल का निरीक्षण किया गया। परीक्षा सम्पन्न होने के बाद बोड़ला विकासखण्ड के प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक विद्यालय सिवनी खुर्द व स.लोहारा विकासखंड के पीएम श्री स्कूल खोलवा कक अकादमी अवलोकन कर विद्यार्थियों की कक्षावार लार्निंग आउटकम का आंकलन किया गया। दोनो विद्यालय का गुणवत्ता स्तर बेहतर है तथा विद्यालय विकास खण्ड में क्लीन स्कूल ग्रीन स्कूल की संकल्पना में उत्तम हैं। परीक्षा केन्द्रों में परीक्षा सुचारू रुप से शांतिपूर्वक संचालित मिला। परीक्षा भवन में समुचित पेयजल, प्रकाश, प्रसाधन व पर्याप्त फर्नीचर की उपलब्धता रही। परीक्षा केन्द्रों में निरीक्षण के दौरान अनुचित साधन का अनुप्रयोग करने वाले परीक्षार्थी संख्या निरंक रही। केन्द्र में ग्लूकोज, ओआरएस व अन्य आवश्यक प्राथमिक उपचार सामग्रियां की उपलब्धता संबंधी सुझाव दिया गया। परीक्षा केन्द्रों में बोर्ड द्वारा निर्धारित प्रपत्रों व पंजियों का समुचित संधारण किया जा रहा है।



### पीएम आशा योजना के लिए पंजीयन 28 तक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

पीएम आशा योजनांतर्गत अरहर, मूंग, उड़द, मूंगफली, सोयाबीन, चना, सरसों उगाने वाले किसानों का पंजीयन 28 फरवरी 2026 तक होगा। भारत सरकार द्वारा घोषित न्यूनतम समर्थन मूल्य जिसके तहत खरीफ फसल अरहर 8 हजार रुपए, मूंग 8768 रुपए, उड़द 7800 रुपए, मूंगफली 7263 रुपए, सोयाबीन 5328 रुपए, रबी फसल के तहत चना 5875 रुपए, मसूर 7000 रुपए तथा सरसों 6500 रुपए फसल समर्थन मूल्य प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया है।

## वनांचल के तरेगांव जंगल के सरस्वती शिशु मंदिर की बच्चियों ने किया कमाल

- रानू कबीरधाम जिले में प्रथम, रागनी भी चयनित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

जिले के एकमात्र कन्या शिक्षा परिसर महाराजपुर में प्रवेश हेतु 07 फरवरी 2026 को आयोजित प्रवेश परीक्षा में कबीरधाम जिले के विकासखंड बोड़ला के सुदूर वनांचल ग्राम तरेगांव जंगल स्थित निजी विद्यालय सरस्वती शिशु मंदिर तरेगांव के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। परीक्षा में विद्यालय की छात्रा रानू पिता संतराम परते ने पूरे जिले में प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय, क्षेत्र एवं परिवार का नाम रोशन किया। वहीं रागनी पिता गोलू राम ने 17 वां स्थान हासिल कर प्रवेश के लिए चयनित होकर सफलता अर्जित की। दोनों छात्राएं वर्तमान में सरस्वती शिशु मंदिर तरेगांव जंगल में अध्ययनरत हैं। विद्यालय के प्रधानाचार्य मोहन कुमार यादव ने बताया कि तरेगांव जंगल भले ही वनांचल क्षेत्र में स्थित है, लेकिन वर्ष 2017 से अब तक यहां से 35 विद्यार्थियों का चयन विभिन्न प्रतिष्ठित संस्थानों जैसे नवोदय विद्यालय, जवाहर उत्कर्ष विद्यालय, एकलव्य विद्यालय तथा भोरमदेव कन्या शिक्षा परिसर में हो चुका है। विद्यालय परिवार ने दोनों छात्राओं की इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है तथा इसे क्षेत्र के अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणादायक बताया है।





# डॉ. सियाराम साहू की अध्यक्षता में रेडक्रॉस प्रबंध समिति की बैठक आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

महामहिम राज्यपाल रमेन डेका एवं तोमन साहू चेयरमेन रेडक्रॉस राज्य शाखा रायपुर के मार्गदर्शन में जिले में रेडक्रॉस सोसायटी को सक्रीय कार्य करने हेतु प्रोत्साहित किया जा रहा है। जिला रेडक्रॉस सोसायटी कबीरधाम की प्रबंध समिति की बैठक जिला कार्यालय के सभाकक्ष में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता चेयरमेन रेडक्रॉस डॉ.सियाराम साहू ने की। कलेक्टर एवं अध्यक्ष गोपाल वर्मा एवं वाइस चेयरमेन जीवन कौशिक, कोषाध्यक्ष अनिल दानी एवं समिति के अन्य सदस्य मौजूद रहे। बैठक में एजेण्डावार चर्चा कर कई महत्वपूर्ण एवं सार्थक निर्णय लिये गए। बैठक में जिला रेडक्रॉस सोसायटी के संगठनात्मक सुदृढीकरण एवं सदस्यता विस्तार तथा सेवा गतिविधियों तथा आगामी कार्ययोजनाओं पर विस्तृत चर्चा की गई। जिले में रेडक्रॉस कार्यालय भवन, आपदा प्रबंधन हेतु प्रशिक्षण तथा प्राथमिक सहायता की प्रशिक्षण, माह में दो बार रक्तदान शिविर का आयोजन, सामाजिक जागरूकता अभियान को गति प्रदान की जायेगी। जिले में समस्त निजी एवं शासकीय हाई एवं हायर सेकेण्डरी स्कूलों में तथा सभी शासकीय व निजी महाविद्यालयों में रेडक्रास सोसायटी गठन के निर्देश दिए गए है। आदिवासी एवं दूरस्थ क्षेत्रों में स्वास्थ्य परीक्षण, एवं विशेष दिवसों में कार्यक्रम का आयोजन कर जन जागरूकता किया जायेगा। सिकलसेल के लिए विशेष कार्ययोजना बनाकर जांच एवं परामर्श पर जोर दिया जायेगा। प्रत्येक तीन माह में प्रबंध समिति की बैठक का आयोजन की जायेगी। बैठक मे प्रमुख रूप से डॉ. डीके तुर्रे सीएमएचओ सचिव रेडक्रॉस, श्रीमती अभिलाषा पांडा उप संचालक, डॉ. केशव ध्रुव सिविल सर्जन, रेडक्रॉस राज्य प्रबंध समिति प्रतिनिधी बालाराम साहू, दौलतराम कश्यप, सुदर्शन कुर्रे, शीतल साहू, डीएस राजपुत, हरिश साहू उपस्थित रहे।



## परमेश्वरी महोत्सव व परमेश्वरी देवी पुराण का भव्य आयोजन



**कवर्धा।** देवांगन समाज कवर्धा के द्वारा 32वां वर्ष परमेश्वरी महोत्सव व परमेश्वरी देवी पुराण का आयोजन गत दिनो किया गया। जिसमें बच्चों का सांस्कृतिक कार्यक्रम, मेधावी बच्चों का सम्मान व जगराते का कार्यक्रम किया गया। यह कार्यक्रम महिला देवांगन समाज कवर्धा के अथक प्रयासों से संभव हो पाया। जिसमें युवा देवांगन समाज व नवयुवक देवांगन समाज कवर्धा का सराहनीय योगदान रहा। परमेश्वरी देवी पुराण में माता परमेश्वरी की महिमा का वर्णन एवं माता परमेश्वरी के अंग मैल से दीपचंद देवांगन का प्रगट होने का बखान बताया गया है । साथ ही दीपचंद के द्वारा सृष्टि के मर्यादा को ढकने के लिए वस्त्र का निर्माण करने के लिए दीपचंद देवांगन को क्षीरसागर से सात नाल का कमल पुष्प लाकर वस्त्र निर्माण करने का आदेश माता परमेश्वरी के द्वारा दिया गया। जिसके लिए दीपचंद देवांगन जब क्षीरसागर में सात नाल कमल पुष्प लेने पहुंचा, तो वहां पर पहले से दानव विराजमान थे। जिससे दीपचंद देवांगन भयभीत होकर माता परमेश्वरी के के शरण में आया और सारी वृत्तांत बताया, तो माता परमेश्वरी दीपचंद देवांगन के साथ में क्षीरसागर गई और दीपचंद देवांगन को आदेश दी, युद्ध करने के लिए जिससे दीपचंद देवांगन उन राक्षसों के साथ युद्ध किया और राक्षसों का वध किया। राक्षसों के मृत शरीर के अंगों से वस्त्र निर्माण हेतु आवश्यक उपकरण तैयार करवा कर वस्त्र निर्माण कर दीपचंद देवांगन ने एक सुंदर सा नीला रंग का वस्त्र निर्माण कर माता परमेश्वरी को अर्पित किया। जो नीला वस्त्र अनंत है,यह एक प्रतीक है । इसका प्रमाण उदाहरण सहित पंडित संतोष राव के द्वारा बताया गया।

## रबी फसलों, वनोपज और खुले में रखे समर्थन मूल्य के धान पर मंडराया खतरा

# बदले मौसम और बारिश ने बढ़ाई किसानों की चिंता



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

अंचल के मौसम के मिजाज को भांपते हुए जिस आशंका की चर्चा पिछले कुछ दिनों से की जा रही थी, उसकी झलक मंगलवार को देखने को मिली। बीते तीन-चार दिनों से बादलों और भगवान भास्कर के बीच लुका-छिपी का खेल चल रहा था, लेकिन मंगलवार की सुबह से ही आसमान में घने बादल छाए रहे और भगवान भास्कर दिनभर बादलों की ओट में नजर आए। इस दौरान जिला मुख्यालय कवर्धा सहित आसपास के क्षेत्रों में कुछ देर के लिए ही सही पर गर्जना के साथ तेज बारिश भी देखने को मिली। मौसम के इस बदले तेवर ने जिले के किसानों की चिंता बढ़ा दी है। वर्तमान में खेतों में रबी सीजन की प्रमुख फसलें गेहूं, चना, मसूर, मटर और तिवरा अच्छी स्थिति में खड़ी हैं। किसान बेहतर उत्पादन की उम्मीद लगाए बैठे हैं, लेकिन यदि इसी दौरान बेमौसम बारिश या ओलावृष्टि हो जाती है तो तैयार फसलों को भारी नुकसान हो सकता है। किसानों का कहना है कि इस समय फसलें दाना भराव और पकने की अवस्था में हैं। ऐसे में तेज बारिश या ओले गिरने से फसल गिर सकती है, दाने काले पड़ सकते हैं और गुणवत्ता प्रभावित हो सकती है, जिससे उपज और बाजार मूल्य दोनों पर असर पड़ेगा। कवर्धा जिले की तासीर को देखते हुए अचानक ओलावृष्टि की आशंका भी बनी रहती है, जो किसानों के लिए बड़ी चिंता का विषय है।

### वनोपज संग्रहणकर्ताओं की बढ़ी बेचैनी

मौसम की अनिश्चितता से वनोपज संग्रहणकर्ता भी चिंतित हैं। वर्तमान समय में ग्रीष्मकालीन वनोपज जैसे तेंदूपत्ता, महुआ, हर्रा, बहेड़ा, चार, आम और इमली की तैयारी का दौर शुरू हो चुका है। ग्रामीण और वन आश्रित परिवार इन वनोपजों से होने वाली आय पर निर्भर रहते हैं। यदि इस दौरान लगातार बारिश या ओलावृष्टि होती है तो महुआ के फूल झड़ सकते हैं, तेंदूपत्ता की गुणवत्ता प्रभावित हो सकती है और अन्य वनोपज भी खराब हो सकती है। इससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था पर सीधा असर पड़ेगा।

### खुले में रखे धान की सुरक्षा बनी चुनौती

बेमौसम बारिश की आशंका ने जिले की सेवा सहकारी समितियों की भी चिंता बढ़ा दी है। अभी भी कई समितियों में किसानों से समर्थन मूल्य पर खरीदा गया धान खुले आसमान के नीचे असुरक्षित ढंग से रखा हुआ है। यदि बारिश तेज हो जाती है तो धान भीगने और खराब होने का खतरा बढ़ जाएगा। समिति प्रबंधकों के सामने धान की सुरक्षा बड़ी चुनौती बन गई है। पर्याप्त भंडारण व्यवस्था और तिरपाल की कमी के कारण धान को सुरक्षित रखना मुश्किल हो रहा है। यदि बारिश होती है तो नुकसान की भरपाई करना कठिन होगा।

# संपूर्णता अभियान 2.0 के लक्ष्यों की पूर्ति के लिए विभाग करें फोकस: कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

कलेक्टर गोपाल वर्मा ने कलेक्ट्रेट सभा कक्ष मे समय सीमा की बैठक लेकर विभागीय कार्यों की प्रगति और योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा की। कलेक्टर श्री वर्मा ने बैठक के दौरान संपूर्णता अभियान 2.0 की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने आकांक्षी विकासखंड बोड़ला में निर्धारित सभी 6 इंडिकेटर को शत प्रतिशत पूरा करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों से कहा कि लक्ष्य पूर्ति के लिए तेजी से कार्य आगे बढ़ाएं और फील्ड पर प्रगति की नियमित समीक्षा करें। कलेक्टर श्री वर्मा ने खाद्य अधिकारी को निर्देश देते हुए कहा कि सभी राशन दुकानों में माह के चावल वितरण के लिए पर्याप्त भंडारण अविलंब कराएं। भंडारण के साथ-साथ चावल वितरण भी करते जाएं। उन्होंने विशेष रूप से निर्देशित करते हुए कहा कि चावल वितरण प्रतिमाह 7 तारीख तक अनिवार्य रूप से चावल उत्सव के साथ प्रारंभ हो जाए। कलेक्टर श्री वर्मा ने पीएम जनमन योजना के तहत बन रहे आवास निर्माण को ब्लाकवार समीक्षा करते हुए सभी सीईओ जनपद पंचायतों से कहा कि जितने भी हितग्राहियों के आवास स्वीकृत हैं किंतु निर्माण अब तक अप्रारंभ है उन्हें तत्काल शुरू करवाया जाए। इसके लिए आवास मित्रों के माध्यम से उनसे संपर्क किया जाए। सीईओ जनपदों ने बताया कि अभी आवास निर्माण में तेजी आई है। जहां कम शुरू नहीं हुए हैं वहां विशेष फोकस करते हुए कार्य प्रारंभ कराया जा रहा है। लक्ष्य है कि जल्द से जल्द सभी आवासों का निर्माण शुरू करवाकर कार्य पूर्ण करा लिया जाए। कलेक्टर श्री वर्मा ने शासन के निर्देशानुसार पीएम श्री स्कूलों के संचालन के मूल्यांकन के लिए अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है। उन्होंने सभी सम्बंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि स्कूलों का निरीक्षण कर बिंदुवार रिपोर्ट प्रस्तुत करें। बैठक में कलेक्टर ने निर्माण कार्यों की समीक्षा की। जिसमें निर्माणाधीन छात्रावास भवनों के स्थिति के बारे में निर्माण एजेंसीज के अधिकारियों से जानकारी ली। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्य तेजी और गुणवत्ता के साथ पूरे किए जाएं।

## खबर संक्षेप

### पर्यावरण संरक्षण गतिविधि ने सौंपा अनुरोध पत्र



**राजनांदगांव।** राजनांदगांव की पर्यावरण संरक्षण गतिविधि राजनांदगांव के विभाग संयोजक मनोहर चंदेल एवं जिला संयोजक मयंक कृष्णा शर्मा के नेतृत्व व जिला एनजीओ प्रमुख सौरभ खंडेलवाल, नगर संयोजक निकुंज सिंघल, शहर नारी शक्ति प्रमुख मौसमी शर्मा, सह प्रमुख ममता शर्मा एवं नगर निगम स्वास्थ्य विभाग के चेयरमैन शैंकी बग्गा द्वारा कलेक्टर जितेन्द्र यादव एवं जिला पंचायत सीईओ सुरूचि सिंह से सौजन्य मुलाकात कर एक अनुरोध पत्र ज्ञापन सौंपा है। उपरोक्त जानकारी पर्यावरण संरक्षण गतिविधि के जिला एनजीओ प्रमुख सौरभ खंडेलवाल ने दी।

### प्रति नियुक्ति समाप्ति पर सम्मानित किए गए यूनुस



**राजनांदगांव।** संभागीय सेनानी एनीमा कुजूर ने जिला सेनानी कार्यालय में निरीक्षण की कार्रवाई पश्चात अग्निशमन विभाग में वर्षों से अपनी सेवाएं दे रहे बेंजामिन यूनुस की यहां से सेवा समाप्ति के लिए उन्हें अपनी शुभकामनाएं दी। श्री यूनुस की 28 फरवरी को सेवा समाप्ति होगी। आज कार्यालय जिला सेनानी एवं जिला अग्निशमन अधिकारी द्वारा उन्हें शाल व श्रीफल भेंट कर अग्निशमन विभाग से प्रतिनियुक्ति समाप्त कर मूल विभाग नगर पालिक निगम में भेज कर विदाई दी गई एवं उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए उन्हें संभागीय सेनानी द्वारा प्रशस्ति पत्र एवं मोमेंटो प्रदान किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला सेनानी महासमुंद दिनेश रावटे एवं कांकेर जिला सेनानी संजय मिश्रा और राजनांदगांव जिला सेनानी अरुण कुमार सिंह के साथ-साथ समस्त स्टाफ उपस्थित रहे।

### आज श्रीश्याम प्रभु का अखंड पाठ

**राजनांदगांव।** श्री श्याम प्रभु के तीसरे दरबार छत्तीसगढ़ के राजनांदगांव जिले में स्टेशनपारा स्थित श्री शक्तिधाम से निशान उठाकर रामाधीन मार्ग के श्री श्यामकुटी के श्रीदासी श्याम दरबार में निशान को अर्पण करने से भक्तों की मनोकामना पूर्ण होती है। श्रीदासी श्याम मंडल द्वारा फाल्गुन का रंगोत्सव के प्रथम दिवस पर कल 25 फरवरी को सुबह आरती, सत्संग, भजन के पश्चात दोपहर 3 बजे से श्रीश्याम प्रभु का अखंड पाठ किया जाएगा। श्री श्यामकुटी परिवार व श्रीदासी श्याम मंडल के शिष्यजन व भक्तजन श्रीदासी श्याम दरबार को अपनी गंगोत्री मानते हैं, जहां से गंगाजी जैसे श्रीदासी श्याम मंडल की कई शाखाएं देश में बनकर सेवा, गृहस्थ धर्म का पालन के साथ-साथ भक्ति और पूजा में लग गए हैं।

### कच्ची महुआ शराब और महुआ लाहन जब्त

**राजनांदगांव।** कलेक्टर जितेन्द्र यादव के निर्देशानुसार जिले में अवैध शराब विक्रेताओं के विरूद्ध लगातार कार्रवाई की जा रही है। प्रभारी सहायक आयुक्त आबकारी अभिषेक तिवारी ने बताया कि आबकारी विभाग द्वारा ग्राम बरनालाकला नाला के किनारे अज्ञात 80 लीटर हाथ भट्ठी कच्ची महुआ शराब एवं 1000 किलोग्राम महुआ लाहन जब्त किया गया। कार्रवाई में आबकारी उप निरीक्षक वृत्त डोंगरगढ़ अनिल कुमार सिंह, आबकारी आरक्षक भोजराज बंजारे, मोहनराव, अश्विनी शुक्ला, रोहित, लोकेश शामिल थे। जिले में अवैध मदिरा विक्रय की रोकथाम के लिए होटल, ढाबों एवं मदिरा दुकानों का लगातार निरीक्षण किया जा रहा है। सभी वृत्त प्रभारियों को होटल, ढाबों की नियमित जांच करने एवं अवैध मदिरा विक्रय के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं।

### महिलाओं में स्ट्रेंस हटाने आराम कलेक्टिव कार्यक्रम

**राजनांदगांव।** घर-परिवार संभालने वाली महिलाओं से लेकर नौकरी पेशा महिलाओं में बढ़ते तनाव व चिड़चिड़ापन जैसी समस्याओं को कस्तूरबा में आराम कलेक्टिव का आयोजन किया गया। महिलाओं में बढ़ती समस्याओं के निदान के लिए कस्तूरबा में काउंसिल साइकोलाजिस्ट अदिति रावत एवं लास्या मंगलम पल्ली ने आराम कलेक्टिव का लाभ लेने उपस्थित बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित थी, जिन्हें विभिन्न प्रकार के तनावरोधक उपाय बताकर उन्हें राहत पहुंचाने का कार्य किया। कस्तूरबा की संरक्षिका शारदा तिवारी की उपस्थिति में महिलाएं काउंसिल साइकोलाजिस्ट लास्या व अदिति को अपनी परेशानियां बताई। जिसके निदान के लिए दोनों साइकोलॉजिस्ट ने उन्हें मेडिटेशन, ध्यान-योग, प्राणायाम करने की विधि बताई और इन माध्यमों से लोगों के जीवन में ठहराव कैसे लाया जा सकता है, इसे सलीके से समझाया गया।इस अवसर पर टीना खंडेलवाल, निशा गुप्ता, रेखा लाल, राधा तिवारी, भगवती खंडेलवाल सहित कस्तूरबा विद्यालय की महिला, शिक्षिकाएं व प्राचार्य प्रवीण गुप्ता सहित व्यवस्थापक सीतारमण वैष्णव की उपस्थिति बनी रही। उक्ताशय की जानकारी कस्तूरबा की आशा गुप्ता द्वारा दी गई।



### 10 पीड़ित परिजनों को आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत

**राजनांदगांव।** राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग से प्राप्त दिशा-निर्देश के तहत कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने आरबीसी 6-4 अंतर्गत जिले के 10 पीड़ित परिजनों को कुल 40 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत प्रदान की गई है।

## शहर कांग्रेस ने घेरा डाकघर, जमकर नारेबाजी

# पोस्ट आफिस के दो ब्रांच को दूसरे जिले स्थानांतरित करने का विरोध

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर में संचालित पोस्ट ऑफिस की दो शाखाओं को बंद करके कवर्धा जिले में भेजे जाने की तैयारी के बीच कांग्रेस ने इस मामले में विरोध प्रदर्शन करने आज पोस्ट ऑफिस का घेराव करते ज्ञापन सौंपा।

डाक विभाग द्वारा शहर के रामाधीन मार्ग और गंज मंडी में संचालित अपनी दोनों शाखाओं को यहां से बंद कर दूसरे जिले में भेजा जा रहा है। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने विरोध प्रदर्शन करते फ्लाई ओवर के नीचे एकत्रित हुए और यहां से पोस्ट ऑफिस का घेराव करने पहुंचे। कांग्रेस ने इस मामले में विरोध प्रदर्शन करते पोस्ट ऑफिस के ब्रांच को बंद किए जाने भाजपा सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

### तालाबंदी की चेतावनी

अपने प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस ने चेतावनी देते कहा कि पोस्ट ऑफिस की इन शाखाओं को यथावत रखा जाए अन्यथा ठोस कार्रवाई नहीं होने पर पोस्ट ऑफिस के सामने धरना प्रदर्शन और यहां तालाबंदी किया जाएगा।



### खाताधारकों को होगी समस्या

शहर कांग्रेस अध्यक्ष जितेंद्र मुदलियार ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की ट्रिपल इंजन सरकार में जब सांसद, विधायक और महापौर भाजपा के हैं तो यहां पोस्ट ऑफिस की शाखाओं को दूसरे जिले में ले जाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि शहर के गंज मंडी में गुरू घासीदास बाबा के नाम पर संचालित पोस्ट ऑफिस की शाखा को दूसरे जिले में स्थानांतरित करने से किसानों और इस क्षेत्र के खाताधारकों को काफी समस्या होगी। उन्होंने कहा कि इन शाखाओं में करोड़ों रुपए का लेनदेन होता है। इसके बावजूद इसे यहां से बंद कर दूसरे जिले में भेजा जा रहा है। उन्होंने कहा कि जो सुविधा यहां के लोगों को मिलना चाहिए, उसे खत्म करने का काम किया जा रहा है।

### शहर में 4 शाखा, 2 होगी बंद

शहर में पोस्ट ऑफिस की 4 शाखा है। जिसमें न्यायालय परिसर, कलेक्टोरेट कार्यालय, रामाधीन मार्ग और गंज मंडी में ब्रांच संचालित है। जिसमें से रामाधीन मार्ग और गंज मंडी की ब्रांच को बंद किया जा रहा है। जिसको लेकर पहले भी पोस्ट ऑफिस के खाताधारक और एजेंटों द्वारा प्रदर्शन करते शाखा को नहीं बंद करने की मांग की गई थी।

### बैरिकेड लांघकर पहुंचे कांग्रेसी

इधर कांग्रेसियों द्वारा प्रदर्शन किए जाने को लेकर पुलिस ने पोस्ट ऑफिस के दोनों द्वार पर स्टॉपर लगाकर बैरिकेडिंग कर दिया था। इसके बावजूद कांग्रेसी कार्यकर्ता बैरिकेड लांघकर पोस्ट ऑफिस के मुख्य द्वार तक पहुंचने में सफल रहे । इस दौरान कांग्रेस के वरिष्ठ नेता श्रीकिशन खंडेलवाल, रमेश राठौर, शारदा तिवारी, इकरामुद्दीन सोलंकी, मामराज अग्रवाल, रूपेश दुबे, अशोक पंजवानी, प्रेम रूचंदानी, युवराज डिहरे, चंपू गुप्ता, सूर्यकांत जैन, अमित खंडेलवाल, प्रज्ञा गुप्ता, मेहुल मारू, गुरभेज माखीजा, गणेश पवार, सुरेंद्र देवांगन, शैलेश ठावरे, हरिनारायण धकेता सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल हुए।

## महक नरवासे का सेंट्रल जोन में चयन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

बीसीसीआई द्वारा आयोजित अंतरराज्यीय सीनियर महिला वनडे चैंपियनशिप में छत्तीसगढ़ की टीम ने इतिहास रचते पहली बार सेमीफाइनल में प्रवेश किया है। इस ऐतिहासिक सफलता के साथ ही जिला क्रिकेट एसोसिएशन राजनांदगांव की होनहार खिलाड़ी महक नरवासे का चयन सेंट्रल जोन की टीम में दूसरी बार हुआ है। जिससे जिले में हर्ष का वातावरण है। हाल ही में भारतीय महिला क्रिकेट टीम की पूर्व अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी झूलन गोस्वामी ने महक नरवासे से मुलाकात कर उनके उत्कृष्ट खेल की सराहना की और शुभकामनाएं दी।



■ जिला क्रिकेट एसोसिएशन के लिए गौरव का क्षण

### जिले के लिए गर्व का विषय

जिला क्रिकेट एसोसिएशन के प्रवक्ता लक्ष्मण लोहिया ने बताया कि यह उपलब्धि जिलेभर के लिए सम्मान की बात है और भविष्य में भी खिलाड़ी बेहतर प्रदर्शन कर प्रदेश और देश का नाम रोशन करेंगी। जिला क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष सुशील कोठारी व सचिव योगेश बागड़ी ने कहा कि महक नरवासे की यह उपलब्धि बताती है कि छोटे शहरों की बेटियां भी यदि समर्पण और मेहनत से आगे बढ़े तो राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बना सकती है।

### सातों लीग मैच जीतकर बनाया रिकॉर्ड

छत्तीसगढ़ प्रदेश क्रिकेट संघ की महिला टीम ने अपने सभी सातों लीग मुकाबले जीतकर शानदार प्रदर्शन किया। ग्रुप में शीर्ष स्थान प्राप्त करने के बाद टीम ने नॉकआउट राउंड में मुंबई जैसी मजबूत टीम को पराजित कर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। 26 तारीख को टीम सेमीफाइनल मुकाबला खेलेगी। लीग मैचों में राजनांदगांव की महक नरवासे, नेहा बड़वाईक एवं कुमुद साहू ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते टीम की सफलता में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

### ऑलराउंड प्रदर्शन का मिला

राजनांदगांव की जूनियर महिला खिलाड़ी महक नरवासे के प्रभावशाली ऑलराउंड प्रदर्शन को देखते बीसीसीआई ने उन्हें लगातार दूसरी बार सेंट्रल जोन की टीम के लिए चुना है। आगामी माह देश के पांचों जोन की टीमें वनडे क्रिकेट प्रतियोगिता की प्रतिष्ठित ट्रॉफी के लिए आमने-सामने होगी। छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ की कप्तान कीर्ति गुप्ता भी महक नरवासे के साथ सेंट्रल जोन टीम में शामिल की गई है।

### फागुन महोत्सव 27 से

**डोंगरगढ़।** मां बम्लेश्वरी की नगरी में आगामी 27 फरवरी से दो दिवसीय श्री श्याम फागुन महोत्सव एवं भव्य निशान यात्रा का आयोजन रखा गया है। श्री श्याम परिवार मित्र मंडल द्वारा आयोजित यह कार्यक्रम श्याम रिजॉर्ट में संपन्न होगा। आयोजन की तैयारियां जोर-शोर से की जा रही है। आयोजन समिति के सदस्य मयूर अग्रवाल ने बताया कि 27 फरवरी को सुबह 4 बजे श्याम प्रेमी मुकेश भूत के निवास से बाबा श्याम की निशान यात्रा निकाली जाएगी। शोभायात्रा नगर भ्रमण करते हुए पुनः मुकेश भूत के निवास पहुंचकर संपन्न होगी। दूसरे दिन 28 फरवरी को सुबह से भगवान खाटू श्याम का पूजन-अर्चन, धोक पूजा एवं आरती का आयोजन होगा।

## कलेक्टर ने जनदर्शन में सुनी नागरिकों की समस्याएं



**राजनांदगांव।** कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक जनदर्शन में जिले के विभिन्न स्थानों से आए जनसामान्य की शिकायत एवं समस्याओं को गंभीरता से सुना। कलेक्टर श्री यादव ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को प्राप्त सभी आवेदनों को प्राथमिकता के साथ त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने नागरिकों की समस्याओं का नियमानुसार निराकरण करते उन्हें शासन की विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित करने कहा। आवेदनों का अवलोकन कर नियमानुसार पात्र हितग्राहियों को शासकीय योजनाओं से लाभान्वित करने निर्देश दिए। कलेक्टर ने अधिकारियों से कहा कि जनमानस उम्मीद लेकर जनदर्शन में आते है। उनकी समस्याओं को प्राथमिकता देते समाधान शीघ्र करें। जनदर्शन में प्रधानमंत्री आवास योजना से लाभान्वित करने, अतिक्रमण हटाने, सीमांकन, नजूल से संबंधित, छात्रवृत्ति, पेंशन, आयुष्मान कार्ड बनवाने, राजस्व रिकार्ड दुरूस्त कराने सहित विभिन्न शासकीय योजनाओं से लाभ दिलाने जैसे आवेदन प्राप्त हुए।

कलेक्टर ने जनदर्शन में प्राप्त आवेदनों का प्राथमिकता के साथ निराकरण के लिए निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ सुरूचि सिंह, अपर कलेक्टर सीएल मारकण्डेय, अपर कलेक्टर प्रेमप्रकाश शर्मा, नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### परामर्श जागरूकता कार्यक्रम

**राजनांदगांव।** कॉन्फ्लुएंस कॉलेज की महिला प्रकोष्ठ (वूमेन सेल) एवं जिला स्तरीय विशाखा समिति राजनांदगांव के संयुक्त तत्वावधान में "मानसिक स्वास्थ्य संवर्धन एवं परामर्श जागरूकता कार्यक्रम" का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं में मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना, भावनात्मक संतुलन को प्रोत्साहित करना तथा परामर्श और महिला सुरक्षा तंत्र की जानकारी प्रदान करना था। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विशाखा समिति की अध्यक्ष अधिवक्ता शारदा तिवारी ने कहा कि "मानसिक रूप से सशक्त महिला ही अपने अधिकारों की रक्षा कर सकती है।

आवश्यकता है
हरिभूमि छत्तीसगढ़ का नंबर 1 अखबार
मानपुर, मोहला, अंबागढ़ चौकी में हरिभूमि समाचार पत्र को सर्वे कार्य हेतु 10 युवकों की आवश्यकता है, जिसके पास स्वयं का वाहन हो, इच्छुक व्यक्ति संपूर्ण बायोडाटा के साथ तुरंत संपर्क करें।
योग्यता : 10वीं, 12वीं, स्नातक
वेतन 10,000+
स्वयं के वाहन धारकों को प्राथमिकता
Resume Whatsapp करें
7489534456
हरिभूमि
ब्यूरो कार्यालय, दुर्गा चौक, राजनांदगांव

आज दशगात्र



शोक संदेश
अत्यंत दुख के साथ सूचित किया जा रहा कि मेरी धर्म पत्नि
स्व. श्रीमती जमुना देवी चन्द्राकर
का देवलोक गमन फाल्गुन कृष्ण पक्ष त्रयोदशी 15.02.2026 दिन रविवार को हो गया है।
जिसका अंतिम संस्कार 16.02.2026 को किया गया । जिसकी
-: दशगात्र शांतिभोज :-
दिनांक 25.02.2026 दिन बुधवार को
ग्राम-रापा (कुण्डा) में होगा
समय - सुबह 11:00 बजे से
उक्त कार्यक्रम में सम्मलित होकर
मृतात्मा कि शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना कर हमे अनुग्रहित करें..
।। :: शोकाकुल परिवार :: ।।
उमेंद लाल, सुंदर लाल, कपिल प्रसाद, सुखनंदन, टीकालाल, सलिल, देवदत्त, गोपी, रामेश्वर, बलदाउ, जगकुमार, चन्द्रशेखर, राजेन्द्र, नोहर,होमेश्वर, वेदप्रकाश, हर्षवर्धन, चुड़ामणि, मिलेश्वर, केशव, अमरनाथ, विद्यानंद,धनजय, दिनेश, द्वारिका, तारकेश्वर, भवरंजन, डुगेश्वर, तेजप्रकाश, एवं समस्त चन्द्राकर परिवार...
।। :: विनीत :: ।।
नंदलाल चन्द्राकर
जिलाध्यक्ष विश्व हिन्दू परिषद
जिला कबीरधाम
महामंत्री दुर्ग संभाग
(छ.ग.प्र.कुर्मी क्षत्रिय समाज रायपुर)
जिन किन्हीं आत्मिय स्वजन को शोक पत्र ना मिला हो वो इसे ही आंमत्रण माने

online Booking:-www.tripuryatra.com




रामेश्वरम् धाम यात्रा
14 अप्रैल, 19 मई 2026 (10 दिन)
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी, त्रिवेन्द्रम (पद्मनाभ स्वामी)
राशि :- स्लीपर 14,900/-, 3 एसी-23,900/-, 2 एसी 28,900/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411



गंगा सागर तीर्थ यात्रा
गंगा सागर, कामाख्या देवी, बाबा बैजनाथ धाम, श्री जगन्नाथ पुरी, कलकत्ता, कालीघाट, दक्षिणेश्वर काली मंदिर, उमानंद ब्रम्हपुत्र नदी, भुवनेश्वर, लिंगराज, कोणार्क, कपिल मुनि मंदिर, साक्षी गोपाल, उग्रतारा, दशमहाविद्या, नवग्रह, गुवाहाटी
यात्रा दिनांक
28 मार्च, 2026
25 अप्रैल, 2026
16 मई, 2026
राशि स्लीपर ₹21,500/- ऑफर ₹18,500/-3AC ₹32,500/- ऑफर ₹29,500/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
9111111866
Head Office : ग्राउण्ड फ्लोर सिटी सेंटर मॉल पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)